दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 232

ग्वालियर, गुरुवार 12 मई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के ट्विटर अकाउंट पर प्रतिबंध मूर्खतापूर्ण निर्णय, जल्द हटाएंगे : एलन मस्क

वाशिंगटन। टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने कहा है कि वह अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर लगे ट्विटर के स्थाई प्रतिबंध को जल्दी ही वापस ले लेंगे। ट्विटर के अधिग्रहण की योजना को अमलीजामा पहना रहे मस्क ने कारों के भविष्य को लेकर आयोजित एक सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए यह बात कही। मस्क ने कहा, ट्विटर द्वारा ट्रंप पर लगाया गया प्रतिबंध %नैतिक रूप से बुरा फैसला% था। उन्होंने सोशल मीडिया कंपनी के इस फैसले को %बेहद मूर्खतापूर्ण% करार दिया। उन्होंने कहा कि ट्विटर द्वारा अकाउंट पर स्थाई प्रतिबंध दुर्लभ परिस्थितयों में होना चाहिए और ऐसे कदम उन अकाउंट के लिए उठाए जाने चाहिए, जो गड़बड़ी करने वाले हैं। दरअसल अमेरिकी संसद भवन में पिछले वर्ष छह जनवरी को उपद्रवियों के जबरन घुस जाने की घटना के बाद ट्विटर ने ट्रंप के खाते पर प्रतिबंध लगा दिया था। फेसबुक, ट्विटर और यूट्यूब ने 6 जनवरी 2021 को कैपिटल परिसर (संसद भवन) में हुई हिंसा के बाद ट्रंप का अकाउंट निलंबित कर दिया था। उस दिन ट्रंप समर्थकों ने अमेरिकी कांग्रेस को राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडन की जीत को प्रमाणित करने से रोकने के प्रयास में कैपिटल परिसर पर हिंसक रूप से धावा बोल दिया था। फेसबुक, ट्विटर और यूट्यूब ने आशंका चिंता जताई थी कि वह आगे भी अपने समर्थकों को हिंसा के लिए उकसा सकते हैं।

भीषण गर्मी और लू की चपेट में आएगा दिल्ली -एनसीआर, पारा 45 के पार जाने का आशंका

नई दिल्ली। देश इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। प्री-मॉनसून गतिविधियों के चलते पिछले कुछ दिनों से दिल्ली एनसीआर में हीटवेव की स्थिति में आई नरमी समाप्त हो गई है। अब राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लोगों को फिर से हीटवेव यानि लू के हालातों का सामना करना पड़ेगा। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों में गर्मी की लहर तेज होगी और गंभीर गर्मी की लहरें चलेंगी। इस सप्ताहांत तक पारा 45 डिग्री और उसके भी पार पहुंचने की संभावना है। निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली में मार्च और अप्रैल में अत्यधिक गर्मी देखी गई। दरअसल, दिल्ली में रिकॉर्ड संख्या में लू वाले दिन देखे गए हैं। कुछ हिस्सों में 15 दिन से भी ज्यादा समय तक लू की स्थिति देखी गई है। सफदरजंग वेधशाला ने तो अप्रैल में 10 दिनों तक लू को दर्ज किया।

एजेंसी का कहना है कि इस महीने की शुरुआत गर्मजोशी के साथ हुई, लेकिन प्री-मॉनसून गतिविधियों को देखते हुए हीटवेव की स्थिति अस्थायी रूप से समाप्त हो गई। अब कम से कम एक सप्ताह तक कोई गतिविधि न होने की स्थिति में अब आज से तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है। आमतौर पर मई के पहले सप्ताह के आसपास तापमान 39 डिग्री के आसपास होता है, जोकि मई के अंत तक सामान्य 40 डिग्री तक पहुंच जाता है। अब तापमान सामान्य से कम से कम 4-5 डिग्री ऊपर रहेगा। इसके परिणामस्वरूप अगले कुछ दिनों में गर्मी की लहर और यहां तक कि गंभीर गर्मी की लहरें भी पैदा हो सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कल तापमान 40 डिग्री के आसपास रह सकता है। इसके बाद करीब 15 या 16 मई को अधिकतम तापमान 44-45 डिग्री तक भी पहुंच सकता है।

आंध्र तट पहुंचेगा तूफान असानी कमजोर होने के आसार

नई दिल्ली। गंभीर चक्रवाती तूफान असानी के बुधवार को कमजोर पड़ने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी थी। बुधवार को तटीय आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश के आसार हैं। असानी बुधवार सुबह तक उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़कर आंध्र प्रदेश में काकीनाडा-विशाखापत्तनम तटों के पास पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी तक पहुंच सकता है। इसके बाद, चक्रवात के धीरे-धीरे उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर मुड़ने और काकीनाडा व विशाखापत्तनम के बीच आंध्र प्रदेश के तट की ओर आगे बढ़ने और फिर उत्तरी आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तटों से होकर बंगाल की उत्तर-पश्चिमी खाड़ी में उभरने की बहुत संभावना है। विभाग के अधिकारियों ने कहा था कि असानी ने अपना रास्ता बदल लिया है और अब यह नजदीकी काकीनाडा तट पर जा रहा है। काकीनाडा तट छूने के बाद यह काकीनाडा और विशाखापट्टनम के बीच नदी में वापस आ जाएगा। विशाखापट्टनम साइक्लोन वॉर्निंग सेंटर की निदेशक सुनंदा ने मंगलवार को कहा था, आंध्र प्रदेश को तूफान की चेतावनी और रेड अलर्ट दे दिया गया है। कल तक ट्रैक उत्तर पश्चिम रास्ता दिखा रहा था, लेकिन बीते 6 घंटों में यह पश्चिम-उत्तर पश्चिम दिशा में बढ़ रहा है। ऐसे में यह हमारे आंध्र प्रदेश तट के काफी नजदीक है।

रूस ने घातक 'किंजल मिसाइल' से किया हमला, यूक्रेन का दावा

नई दिल्ली। युद्धग्रस्त देश यूक्रेन रूसी हमलों से बेजार है। रूस के सैन्य अभियान को आज 76वां दिन है। ढाई महीने से का वक्त बीत गया है दोनों देशों के बीच शुरू हुई जंग को। इस जंग में दोनों ही देशों को नुकसान पहुंचा है लेकिन यूक्रेन को रूस से कहीं कई गुना ज्यादा नुकसान हुआ है। यूक्रेन के कई बड़े शहर पूरी तरह से तबाह गए हैं। मंगलवार को भी रूस के कई शहरों में मिसाइल से हमले हुए, जिसकी वजह से ढाई महीने बाद भी हवाई हमलों के सायरन लगातार बजते सुनाई दे रहे हैं। इस बीच विजय दिवस के मौके पर सोमवार को रूस के मिसाइल हमले में यूक्रेन का ओडेसा बंदरगाह पूरी तरह से तबाह हो गया। यूक्रेन की तरफ से दावा किया गया कि रूसी सेना ने सात मिसाइलें दागी थी जिनमें से तीन हाइपरसोनिक रॉकेट थे। एक रॉकेट शॉपिंग सेंटर में गिरा जबकि एक राकेट एक गोदाम में गिरा। बताया जा रहा है कि इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। यूक्रेन का दावा है कि जिस हाइपरसोनिक रॉकेट का इस्तेमाल किया गया वह रूसी सेना की खूंखार किंजल या फिर डैगर मिसाइल थी जो कि हवा से सतह में मार करने वाली मिसाइल है। रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले रूस की तरफ से इस खूंखार मिसाइल का इस्तेमाल युद्ध शुरू होने के कुछ दिन बाद मार्च में यूक्रेन के गोला बारूद के भंडार को नष्ट करने के लिए किया गया था। तब रूस ने खुद इस बात को स्वीकार किया था कि उसने सैन्य अभियान शुरू होने के बाद पहली बार किंजल मिसाइल का प्रयोग किया था। बता दें कि किंजल हाइसोनिक मिसाइलों को डैगर्स के नाम से भी जाना जाता है। इन मिसाइलों का निशाना अचूक है।

इंडियन फॉरेन पॉलिसी पर मुरीद इमरान खान, कहा- अमेरिका भी नहीं देता दिल्ली में दखल, शहबाज पर बोला हमला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के नए नवेले पीएम शहबाज शरीफ को घोर आलोचक पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के चेयरमैन इमरान खान ने कहा कि उनकी पार्टी और देश की सेना ने पाकिस्तान को जोड़कर रखा है। इमरान खान इलेम में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने एकबार फिर भारत की विदेश नीति की तारीफ की और पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ पर निशाना साधा। सत्ता से बेदखल होने के बाद इमरान खान लगातार अलग-अलग शहरों में जलसा आयोजित कर रहे हैं। खबर के अनुसार ज़ेलम में इमरान खान ने कहा कि नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ सेना के खिलाफ बातें करते थे लेकिन शहबाज शरीफ तुम कह रहे हो कि मैं सेना के खिलाफ बोल रहा था? खबर के अनुसार, खान ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तानी सेना के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं की। लेकिन क्या नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ ने कभी कश्मीर पर कुछ बोला? इमरान खान ने दावा किया कि उनकी रूस यात्रा के दौरान उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से पाकिस्तान को सस्ते दामों पर तेल मुहैया कराने के लिए कहा था।

आजम खान को मिली जमानत, हाई कोर्ट ने कहा- देश से बाहर नहीं जा सकते

कोर्ट ने शत्रु संपत्ति को कब्जे में लेकर दीवार और कंटीले तारों से घेरने को कहा

इलाहाबाद। शत्रु संपत्ति के मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने समाजवादी पार्टी के नेता और सांसद मोहम्मद आजम खान को जमानत दे दी। कोर्ट ने जिलाअधिकारी जौहर यूनिवर्सिटी कैंपस में मौजूद शत्रु संपत्ति को कब्जे में लेकर दीवार और कंटीले तारों से घेरने को कहा है। जस्टिस राहुल चतुर्वेदी ने कहा है कि यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद रामपुर डीएम के संतुष्ट होने पर अंतरिम जमानत को रेग्युलर बेल में बदला जा सकता है। शत्रु संपत्ति केस में राहत के बावजूद आजम खान के जेल से बाहर आने पर सस्पेंस बरकरार है, लेकिन यदि वह जेल से बाहर भी आते हैं तो देश से बाहर नहीं जा सकते हैं। हाई कोर्ट ने उन्हें पासपोर्ट जमा कराने को कहा है। गौरतलब है कि विवादित जमान इमामुद्दीन कुरैशी पुत्र बदरुद्दीन कुरैशी की थी, जो लखनऊ के निवासी थे और देश के विभाजन के बाद भारतीय नागरिकता छोड़कर पाकिस्तान चले गए थे। 1950 में बने इवेक्यूइ प्रॉपर्टी एक्ट के तहत राज्य को इस जमीन का कस्टोडियन बनाया गया। 13.842 एकड़ की यह विवादित भूमि रामपुर जिले की तहसील सदर स्थित सिंघन खेड़ा गांव में है। आजम खान की ओर से पेश हुए वकील इमरान उल्लाह ने दलील दी कि विवादित जमीन पर कोई निर्माण नहीं किया गया है। यह खाली पड़ा हुआ था और यूनिवर्सिटी की जमीन से घिरा हुआ था। इस पर कोर्ट ने सवाल किया कि आखिर किन परिस्थितियों में इस जमीन को यूनिवर्सिटी कैंपस में घेर लिया गया।

राजस्थान के भीलवाड़ा में फिर सांप्रदायिक तनाव!

भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाड़ा में फिर सांप्रदायिक तनाव का मामला सामने आया है। मंगलवार को एक युवक की हत्या के बाद इलाके में जहां इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं, वहीं भाजपा ने इस मुद्दे को लेकर बुधवार को बंद का आह्वान किया है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को भीलवाड़ा में 22 साल के एक युवक की कथित तौर पर दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा चाकू से गोदकर हत्या किए जाने के बाद तनाव फिर से बढ़ गया। पुलिस ने बताया कि पैसों के विवाद में यह हत्या की गई है। तनाव को देखते हुए भीलवाड़ा के जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने इलाके में इंटरनेट सेवाएं बंद रखने का फैसला किया है। मोदी ने कहा ?कि गुरुवार 12 मई को सुबह 6 बजे तक भीलवाड़ा में इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी। घटना की जानकारी मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद और हिंदू जागरण मंच ने इलाके में बंद का ऐलान किया है।

खास खबर

क्यूबा- हवाना के होटल में हुए धमाके में मरने वालों की संख्या बढ़कर 43 पर पहुंची

हवाना। क्यूबा की राजधानी हवाना में एक बड़े होटल में हुए धमाके के बाद मलबे से कुछ और शवों को निकाला गया और इसी के साथ होटल में हुए भीषण विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 43 हो गई। हवाना के 96 कमरों वाले पांच सितारा होटल 'साराटोगा' में गत शुक्रवार को विस्फोट हुआ था। उन्नीसवीं सदी का यह होटल ओल्ड हवाना में स्थित है। विस्फोट के समय वहां मरम्मत का काम चल रहा था। होटल को मंगलवार को खोले जाने की योजना थी। होटल के आसपास की कई इमारतें भी विस्फोट में क्षतिग्रस्त हुई हैं। आपातकालीन कर्मी अब भी लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। सेना के मालिकाना हक वाली गोविओटा पर्यटन कंपनी के प्रवक्ता रोबर्टो एनरिकेज ने बताया कि विशेषज्ञों का प्रारंभिक अनुमान है कि विस्फोट से 80 प्रतिशत होटल नष्ट हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि 43वां शव निकाल लिया गया है। एनरिकेज ने कहा कि विस्फोट के समय होटल को फिर से खोलने की तैयारी के लिए 51 कर्मी वहां मौजूद थे, जिनमें से 23 के मारे जाने की पुष्टि हो गई है। उन्होंने बताया कि तीन कर्मी अब भी लापता हैं। प्राधिकारियों ने बताया कि इस बात का संदेह है कि विस्फोट गैस रिसाव के कारण हुआ। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार शाम को बताया कि मृतकों की संख्या बढ़कर 43 हो गई है और 17 लोग अस्पताल में भर्ती हैं।

लखनऊ में बनेगा भ्राता लक्ष्मण का भव्य मंदिर

लखनऊ। सेवा के चरम को छूने वाले भगवान राम के छोटे भाई लक्ष्मण का भव्य मंदिर अब लखनऊ में निर्माण किया जाएगा। जानकीपुरम एक्सटेंशन में गुरुवार को प्रस्तावित मंदिर का भूमि पूजन होगा। श्री लक्ष्मण पीठ सेवा न्यास के अध्यक्ष पंडित धीरेंद्र वशिष्ठ ने कहा कि मंदिर एक एकड़ जमीन में बनेगा और इसकी ऊंचाई 81 फीट होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि, मंदिर के निर्माण में लगभग पांच साल लगेंगे और इसे मीनाक्षी तिवारी और सुनील श्रीवास्तव द्वारा डिजाइन किया जा रहा है। मंदिर में लक्ष्मण, उनकी पत्नी उर्मिला की मूर्तियां होंगी और शिव परिवार और राम दरबार की भी मूर्तियां होंगी। यह एक वृद्धाश्रम मंदिर परिसर का हिस्सा होगा, जिसका नाम उर्मिला के नाम पर रखा जाएगा।

अडानी की इस कंपनी के शेयरों ने फिर भरी उड़ान

नई दिल्ली। लगातार आठ सत्रों की गिरावट के बाद आज अडानी विल्मर के शेयरों ने फिर से उड़ान भरी है। बुधवार 11 मई को दोपहर तक अडानी विल्मर के शेयर 5 फीसद के अपर सर्किट पर थे। आज भी अडानी विल्मर का शेयर एनएसई पर 5 फीसद की गिरावट के साथ 554.10 रुपये पर खुला। बाद में यह 5 फीसद के अपर सर्किट के साथ 612.40 रुपये पर पहुंच गया। इसके साथ ही अडानी विल्मर का मार्केट कैप बढ़कर 79,592 करोड़ रुपये हो गया। इस शेयर में एक महीने में 6.13 फीसद की तेजी आई है, लेकिन एक हफ्ते में इसमें 14.46 फीसद की गिरावट भी दर्ज हुई है। आज के सत्र से पहले, अडानी विल्मर के शेयर में पिछले आठ सत्रों में 30.61 फीसद की गिरावट आई थी। यह 28 अप्रैल, 2022 को अपने सर्वकालिक उच्च हिट से 295 रुपये या 33.59 फिसद तक फिसल गया। अडानी विल्मर लिमिटेड, अडानी समूह और सिंगापुर के विल्मर समूह के बीच एक संयुक्त उद्यम है। यह खाद्य तेल, गेहूं का आटा, चावल, दाल और चीनी के निर्माण में लगी हुई है।

महंगाई से बेहाल ब्रिटेन में दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रहे लोग

नई दिल्ली। महंगाई का राक्षस भारत को ही परेशान किए हो ऐसा नहीं है इसे कोप का शिकार पूरी दुनिया है। पूरी दुनिया पर राज करने वाले ब्रिटेन के लोगों को भी इस महंगाई से दो-चार होना पड़ा रहा है। देश में खाने-पीने की चीजों के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। हालत यह हो गई है कि लोगों को एक समय का खाना छोड़ना पड़ रहा है। कई लोगों को तो पूरे दिन भूखे पेट ही रहना पड़ रहा है। एक ऑनलाइन सर्वे में यह बात सामने आई है। इसके मुताबिक हरेक सात में से एक आदमी को एक वक्त का खाना छोड़ना पड़ रहा है या डाइट से कम खाना पड़ रहा है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ी है। खासकर खाने पीने की चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से हर चीज की कीमत बढ़ी हैं और कंपनियां इस बढ़ी हुई लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर डाल रही हैं। ब्रिटेन में एक साल में महंगाई में सात फीसदी की तेजी आई है जो 30 साल में सबसे अधिक है। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने आशंका जताई है कि अगले कुछ महीनों में महंगाई 10 फीसदी पर पहुंच सकती है। तेल और खाने-पीने की चीजों की कीमत में बढ़ोतरी ने हर घर का बजट बिगाड़ दिया है। ऑनलाइन सर्वे के मुताबिक लोग फूड बैंक्स से ज्यादा से ज्यादा कूल फूड ले रहे हैं। उन्हें डर है कि कुकिंग आइटम्स से उनका एनर्जी की लागत बढ़ जाएगी। खबरों के मुताबिक रिसर्च में 22 से 29 अप्रैल के बीच 10,674 लोगों के बीच यह सर्वे कराया गया था। पिछले तीन महीनों में ऐसे लोगों की संख्या 57 फीसदी बढ़ी है जो खाना खरीदने में सक्षम नहीं हैं। सर्वे में शामिल 14 फीसदी लोगों ने कहा कि पिछले एक महीने में उन्होंने या उनके परिवार में किसी ने भरपेट खाना नहीं खाया या भूखे ही रहे। जनवरी में हुए एक ऐसे ही सर्वे में 8.8 फीसदी लोगों ने यह बात कही थी। देश तेजी से आथिक संकट से स्वास्थ्य संकट की ओर बढ़ रहा है। फूड बैंक्स से यह समस्या हल होने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार को यह समझना चाहिए कि कई परिवारों के लिए जहाज डूब रहा है और इस स्थिति को दुरुस्त करने की जरूरत है। एमरजेंसी फूड पार्सल्स से काम नहीं चलेगा। सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि हम मानते हैं कि महंगाई बहुत बढ़ गई है। सरकार अपनी तरफ से हरसंभव कोशिश कर रही है। लोगों की मदद के लिए अगले वित्त वर्ष में हम एनर्जी बिल में लोगों को सपोर्ट करने और फ्यूल पर ड्यूटी कम करने के लिए 22 अरब पौंड खर्च करने जा रहे हैं।

पीएम मोदी की प्रामाणिकता और पारदर्शिता पर विरोधी भी नहीं उठा सकते उंगली : शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच में देश सबसे ऊपर है। वह वोट बैंक की राजनीति नहीं करते, बल्कि रचनात्मक तरीके से उच्च लक्ष्यों को लेकर आगे बढ़ते हुए सबसे बेहतर परिणाम लाने के लिए काम करते हैं। शाह ने यह बात 'मोदीझ20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी' पुस्तक के विमोचन के अवसर पर अपने संबोधन में कही।

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने इस पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर विदेश मंत्री एस जयशंकर, कई केंद्रीय मंत्री, सांसद व वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। शाह ने मोदी को देश का निर्विवाद नेता करार दिया और कहा कि उनकी प्रामाणिकता व पारदर्शिता पर उनके राजनीतिक विरोधी भी आरोप नहीं लगा सकते। उन्होंने कहा कि उनकी हर सोच में व्यापक दृष्टिकोण होता है। वह हमेशा रचनात्मक तरीके से और उच्च लक्ष्यों के लिए सोचते हैं। वह देश के लिए सबसे ज्यादा सोचते हैं। वह सबसे ज्यादा और बेहतर परिणाम लाने की सोचते हैं। इसलिए देश को उनपर भरोसा है।

शाह ने कहा कि मोदी में राष्ट्रभक्ति कूट-कूट कर भरी है और उनकी प्रामाणिकता व पारदर्शिता पर विरोधी भी आरोप नहीं लगा सकते। उन्होंने मोदी को एक बेहतरीन श्रोता बताया और कहा कि अक्सर व्यक्ति अपने स्वयं की, आसपास व परिवार की सोचता है और उसके बाद समाज की सोचता है, लेकिन प्रधानमंत्री ने समाज को ही परिवार माना। शाह ने कहा कि मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वैश्विक पहचान दी और इसके लिए उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और खुद को समर्पित किया है। उन्होंने कहा शब्द या पुस्तक उनका (मोदी) वर्णन नहीं कर सकते हैं। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति नायडू ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व के सामने साबित किया है कि सपनों को साकार भी किया जा सकता है। यह पुस्तक पीएम मोदी के पिछले 20 वर्षों के राजनीतिक जीवन को दर्शाती है, जिसमें गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल से लेकर भारत के प्रधानमंत्री बनने तक का ब्यौरा शामिल हैं और इसे उद्योग और राजनीति के प्रख्यात बुद्धिजीवियों और व्यक्तित्वों द्वारा संकलित किया गया है।

देशद्रोह के केस में बंद हैं 13 हजार लोग, सुप्रीम कोर्ट के फैसले से कैसे होगी राहत

नई दिल्ली। राजद्रोह कानून पर जारी चर्चा के बीच बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने फिलहाल कानून पर रोक लगा दी है। खास बात है कि केंद्र सरकार ने कानून की समीक्षा की बात कही है। शीर्ष न्यायालय का कहना है कि वह कुछ जनहित याचिकाओं के चलते कानून को खत्म नहीं कर सकते, लेकिन समीक्षा पूरी होने तक इसपर रोक लगा सकते हैं। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में देशद्रोह के सभी लंबित मामलों पर रोक लगा दी है। साथ ही पुलिस और प्रशासन को सलाह दी है कि केंद्र की समीक्षा पूरी होने तक कानून की इस धारा का इस्तेमाल नहीं करें। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमणा ने कहा, अगर नया मामला दर्ज किया जाता है, तो संबंधित पार्टियां इसे जल्दी खत्म करने के लिए कोर्ट का रुख कर सकती हैं। सीजेआई ने कहा कि कानून का दुरुपयोग रोकने के लिए केंद्र सरकार को राज्य सरकारों के लिए निर्देश जारी करने की आजादी है। उन्होंने कहा, दोबारा जांच पूरी होने तक कानून के इस प्रावधान का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना ठीक होगा। हम उम्मीद करते हैं कि जांच पूरी होने तक केंद्र और राज्य 124ए के तहत कोई भी एफआईआर दर्ज करने या कार्रवाई शुरू करने से बचेंगे। सीजेआई ने कहा, भारत संघ कानून पर दोबारा विचार करेगा। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि कानून का दुरुपयोग किया जा रहा है।

न्यूज़ ट्रैक....

प्लेऑफ में सबसे पहले पहुंचने से उत्साहित हैं हार्दिक

पुणे । गुजरात टाइटंस क्रिकेट टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या आईपीएल के इस 15 वें सत्र में सबसे पहले प्लेऑफ में पहुंचने से बेहद उत्साहित हैं। गुजरात टाइटंस ने यहां हुए एक मुकाबले में लखनऊ सुपरजाइंट्स को आसानी से हराकर प्ले ऑफ में अपनी जगह बनायी है।

हार्दिक ने कहा कि पिछला मैच अच्छी स्थिति में होने के बावजूद हारने पर उन्होंने साथी खिलाड़ियों से बात की थी , जिसका लाभ इस मैच में मिला। उन्होंने कहा, 'हमारे गेंदबाजों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया और हमने कोई गलती नहीं की। 14वें मैच से पहले क्वालीफाई करना शानदार है, यह शानदार प्रयास है और हमें अपने ऊपर गर्व है।' इस मैच में गुजरात से मिले 145 रन के लक्ष्य के जवाब में लखनऊ 13.5 ओवर्स में ही सिर्फ 82 रन पर सिमट गयी थी। क्विंटन डिकॉक और दीपक हुड्डा को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाया। गुजरात की टीम लीग में अधिकतर समय शीर्ष पर रही थी, लेकिन पिछले दो मैचों में बल्लेबाजों के विफल रहने के कारण उसे हार झेलनी पड़ी। इससे उसकी जगह लखनऊ टॉप पर पहुंच गया था। अब गुजरात के फिर सबसे ज्यादा 18 अंक हो गए हैं, जबकि लखनऊ 16 अंकों के साथ ही दूसरे स्थान पर खिसक गयी है।

विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंची नीतू

इस्तांबुल । भारत की नीतू आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने पहले ही मुकाबले में 5-0 से जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गयी है। नीतू ने 48 किग्रा भार वर्ग में रोमानिया की अनुभवी रटेंसयुटा डुटा को आसानी से हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। नीतू ने इस मुकाबले में अपने को संयमित बनाए रखते हुए रोमानिया की डुटा को पहले ही दौर में पीछे छोड़ा। इसके बाद दूसरे और तीसरे दौर में भी नीतू शानदार प्रदर्शन कर विजेता बनीं। वहीं नीतू से पहले भारत की ही तवलीना बोरगोहेन को जीत मिली थी। अब अंतिम-16 दौर के मैच में नीतू का मुकाबला स्पेन की लोपेज डेल अर्बोल मार्टा से होगा। लोपेज ने पहले दौर में वियतनाम की गुयेन थी थू नी को 5-0 से हराया था।

उमरान ने अपनी तेज गेंदों से पर्पल कैप की इनामी राशि से ज्यादा रकम कमाई

मुंबई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी तेज गेंदबाजी से सबका ध्यान खींचने वाले युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक भले ही पर्पल कैप की दौड़ में पिछड़ गये हों पर उन्होंने केवल 11 गेंदों में ही उससे जीत में मिलने वाली रकम से ज्यादा कमा ली है। इसका कारण यह है कि हर मैच में सबसे तेज गेंद करने वाले गेंदबाज को एक लाख रुपये का इनाम मिलता है। उमरान ने अब तक खेले गए सभी 11 मैचों में सबसे तेज गेंदबाजी कर अब तक 11 का इनाम जीत लिया है। वहीं पर्पल कैप जीतने पर उन्हें 10 लाख रुपये का इनाम मिलता। उमरान मलिक के नाम इस सत्र की सबसे तेज गेंद करने का भी रिकॉर्ड है। यही नहीं, उनके नाम आईपीएल इतिहास की दूसरी सबसे तेज गेंद करने का रिकॉर्ड भी है। उमरान ने दिल्ली कैपिटल्स के रोवमैन पॉवेल के खिलाफ 157 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से यह गेंद की थी हालांकि आईपीएल इतिहास की सबसे तेज गेंद शॉन टैट के नाम है।

चार साल बाद फिर आयोजित होगी आइपीएल क्लोजिंग सेरेमनी

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा आयोजन, रणवीर सिंह और एआर रहमान जैसे कलाकार करेंगे परफार्म

नई दिल्ली । आखिरकार चार साल के लंबे इंतजार के बाद आइपीएल क्लोजिंग सेरेमनी का आयोजन किया जा रहा है। बीसीसीआइ के मुताबिक इस बार क्लोजिंग सेरेमनी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। कोरोना की विपरीत परिस्थिति के कारण पिछले चार साल से आइपीएल संबंधी किसी भी तरह का कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया था लेकिन इस बार लगभग सारी तैयारियां की जा चुकी है। इससे पहले 2018 में आइपीएल सेरेमनी आयोजित हुई थी। इसलिए इस बार क्लोजिंग सेरेमनी को बड़े स्तर पर मनाने की तैयारी की जा रही है। इस बार दर्शकों के लिए इस दिन रणवीर सिंह और एआर रहमान जैसे कलाकार परफार्म करते नजर आएंगे। इसके बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए बीसीसीआइ अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने एक अंग्रेजी वेबसाइट से कहा कि इस कार्यक्रम में भारत के 75 स्वतंत्रता दिवस पूरे होने को भी सेलिब्रेट किया जाएगा। इतना ही नहीं इस कार्यक्रम में भारतीय क्रिकेट ने बीते 7 दशकों में जो भी हासिल किया है उस सफर पर भी नजर डालेंगे। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद में फाइनल मैच के साथ, हम एक विशेष शो के साथ भारतीय क्रिकेट सफर को दिखाते हुए देश की 75वें स्वतंत्रता का जश्न मनाएंगे।

फाइनल के अलावा दो क्वालिफायर मैच के लिए बोर्ड ने ईडेन गार्डन्स का मैदान चुना है। बीसीसीआइ के अनुसार यहां भी दो छोटे कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। हालांकि वो कार्यक्रम किस तरह का होगा इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन के फाइनल मैच और इस कार्यक्रम में भारतीय क्रिकेट के कुछ पूर्व कप्तानों को भी आमंत्रित किया जाएगा। हालांकि इस कार्यक्रम में कौन-कौन से कप्तान शामिल होंगे इसके बारे में बीसीसीआइ की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है। कार्यक्रम में भारत के 75वें स्वतंत्रता का जश्न भारत सरकार के आजादी का अमृत महोत्सव÷ पहल के तहत मनाया जाएगा।

प्लेऑफ में जगह बनाने आमने-सामने हुई दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स

नवी मुंबई । दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुधवार को आईपीएल के अपने एक अहम मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला करेगी। दिल्ली की टीम का लक्ष्य किसी भी हाल में यह मैच जीतकर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखना रहेगा। उसने अब तक 11 में से 6 मैच हारे हैं और इस प्रकार वह 10 लेकर अंकतालिका में पांचवें स्थान पर है। ऐसे में उसे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अपने तीनो ही मैच जीतने होंगे। वहीं दूसरी ओर राजस्थान की टीम की राह आसान नजर आती है। टीम 11 मैचों में 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है और उसे क्वालीफाई करने के लिये केवल दो मैच ही जीतने हैं। इस मैच को जीतते ही उसके गुजरात के बराबर 16 अंक हो जाएंगे और बेहतर रन औसत के आधार पर उसका प्लेऑफ में पहुंचना तय है।

अगर अब तक के प्रदर्शन पर नजर डालें तो इस मैच में राजस्थान की संभावनएं प्रबल हैं क्योंकि दिल्ली की टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। उसके पिछले मैच में चेनई सुपर किंग्स के हाथों बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में कैपिटल्स के गेंदबाज भी प्रभावी नहीं रहे थे। केवल स्पिनर कुलदीप यादव ही दो विकेट ले पये थे। इसके अलावा तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया की वापसी से भी टीम को कोई लाभ नहीं मिला है। नॉर्किया वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं जिसके लिए वह जाने जाते रहे हैं हालांकि खलील अहमद और अक्षर पटेल

ने कुछ हद तक अच्छी गेंदबाजी की। वहीं बल्लेबाजी की बात करें तो कप्तान ऋषभ पंत अब तक बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं , उन्हें रन बनाने होंगे। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है पर उन्हें अच्छा जोड़ीदार नहीं मिल पाया है। पृथ्वी शॉ के अलावा मनदीप सिंह और श्रीकर भरत को वार्नर के जोड़ीदार के तौर पर उतारा गया है पर एक भी प्रयोग सफल नहीं रहा।

वहीं दूसरी ओर राजस्थान ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है , बल्लेबाजी में उसके पास कप्तान संजू सैमसन के अलावा जोस बटलर , यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ी है पर उसे शिमरोन हेटमायर की कमी खलेगी। हेटमायर अपने बच्चे के जन्म के कारण इस मैच में नहीं खेलेंगे क्योंकि वह वेस्टइंडीज गये हैं। टीम की ओर से युवा खिलाड़ियों ने अच्छी बल्लेबाजी की है जिससे उसकी बटलर पर निर्भरता कम हुई है। सैमसन अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं और अब उन्हें रन बनाने होंगे। गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास एक अच्छा आक्रमण है। टीम के पास तेज गेंदबाजों में ट्रेंट बोल्ट और प्रसिद्ध कृष्णा हैं। इन दोनो ने ही अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं स्पिनर युजवेंद्र चहल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 22 विकेट लिए हैं। इसके अलाव टीम के पास अनुभवी रविचंद्रन अश्विन जैसा गेंदबाज भी है।

दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

दिल्ली कैपिटल्स- ऋषभ पंत (कप्तान), अश्विन हेब्बर, डेविड वॉर्नर, मंदीप सिंह, पृथ्वी शॉ, रोवमैन पॉवेल, एनरिक नोर्खिया, चेतन सकारिया, खलील अहमद, कुलदीप यादव, लुंगी एनगिडी, मुस्ताफिजुर रहमान, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, कमलेश नागरकोटी , ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, रिपल पटेल, सरफराज खान, विक्की ओस्तवाल, यश ढुल, केएस भारत और टिम सिफर्ट।

राजस्थान रॉयल्स - संजू सैमसन, जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, शिमरोन हेटमायर, देवदत्त पडिक्कल, प्रसिद्ध कृष्णा, युजवेंद्र चहल, रियान पराग, केसी करियप्पा, नवदीप सैनी, ओबेद मैकॉय, अनुनय सिंह, कुलदीप सेन, करुण नायर, ध्रुव जुरेल, तेजस बरोका, कुलदीप यादव, शुभम गरवाल, जेम्स नीशम, नाथन कूल्टर-नाइल, रासी वैन डार डुसेन, डेरिल मिचेल।

विराट को फॉर्म के लिए ब्रेक की नहीं खेलते रहने की जरुरत - गावस्कर

मुम्बई । पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि विराट कोहली को ब्रेक देने से फार्म हासिल नहीं होगा। आईपीएल के 15वें सत्र में विराट के खराब प्रदर्शन को देखते हुए कई दिग्गज खिलाड़ियों ने उन्हें आराम की सलाह दी है पर गावस्कर इसे सही नहीं मानते। गावस्कर ने तो कोहली को चेतावनी तक दे है। उनका कहना है कि ड्रेसिंग रूम में बैठकर खोई फॉर्म हासिल नहीं होती है।

गावस्कर ने कहा, ब्रेक का मतलब यह नहीं है कि कोहली भारत के मैचों में आराम करेंगे। भारत के लिए खेलना उनकी पहली और सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मेरा मानना है कि अगर खेलेंगे ही नहीं, तो फिर कैसे खोई फॉर्म हासिल करेंगे? चेंज रूम में बैठे रहने से तो आपकी फॉर्म वापस मिलेगी नहीं। जितना अधिक आप खेलेंगे, उतनी ही अधिक इस बात की संभावना है कि आप अपनी पहले वाली लय हासिल कर लें।

इस पूर्व कप्तान ने साथ ही कहा, आप देश में क्रिकेट जाने वाले किसी भी व्यक्ति से पूछिए, जो भी क्रिकेट को जानता और इस खेल को फॉलो करता है तो सभी यही कहेंगे कि हमें भारत के लिए कोहली की फॉर्म में वापसी की जरुरत है। तो आप टीम इंडिया के लिए खेलने से तो ब्रेक नहीं ले सकते हैं। आप चाहते हैं कि कोहली भारत के लिए रन बनाना शुरू करें। हम सब यही चाहते हैं। हम सभी उसे भारत की ओर से रन बनाते हुए देखना चाहते हैं।

मोनिशा और प्रियांशी सरताज लीग बैडमिंटन के फाइनल में

इन्दौर । सरताज अकादमी द्वारा आयोजित 60वीं सरताज लीग बैडमिंटन स्पर्धा में मोनिशा बड़जात्या 19 वर्ष और प्रियांशी पटेल ने सीनियर बालिका के खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। आशुतोष बिन्नानी, गौतम मूणत, तीर्थ गोयल, मन बड़जात्या, तेजस घ्यार, दिव्यांश सालुंके, अराध्या आर्य, माहेश्वरी सालुंके ने भी अपने लीग मैच जीते।नारायण बाग बाल विकास केंद्र बैडमिंटन हाल में हो रही इस स्पर्धा में मोनिशा बड़जात्या ने माहेश्वरी सालुंके को 15-12,15-6 से और प्रियांशी पटेल ने संदिली गोयल को 15-8,15-10से हराया। 17 वर्ष बालकों में आशुतोष बिन्नानी ने तेजस घ्यार को 15-9, 15-10 से और गौतम मूणत ने वैभव लाहोरिया को 15-6, 15-11 से पराजित किया। 13 वर्ष बालिका में माहेश्वरी सालुंके ने देवांशी गर्दे को 15-3, 15-3 से और अराध्या आर्य ने आरोही गोयल को 15-0, 15-2 से शिकस्त दी। 11 वर्ष बालकों में तीर्थ गोयल ने वंश जायसवाल को 15-3, 15-2 से और मन बड़जात्या ने समर्थ दुबे को 15-2, 15-3 से पराजित किया। अन्य लीग मुकाबले में तेजस घ्यार ने विवान जैन को 15-3, 15-3 से और दिव्यांश सालुंके ने आरव गोयल को 15-4,15-4 से हराया।

व्यापारन्यूज

खाने के तेलों के आयात के लिए नए विकल्प की तलाश में भारत- सीतारमण

चेन्नई । रूस एवं यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष के बीच भारत खाद्य तेलों के आयात के लिए नए विकल्पों की तलाश कर रहा है। यह बात केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कही। सीतारमण ने यहां विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के एक कार्यक्रम में कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष की वजह से भारत को खाद्य तेलों के आयात में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल के आयात में कई बाधाएं हैं। हम खाद्य तेलों का आयात नहीं कर पा रहे हैं। हमें सूरजमुखी तेल मिल रहा था लेकिन अब ऐसा नहीं हो पा रहा है। भारत यूक्रेन से बड़े पैमाने पर सूरजमुखी तेल का आयात करता रहा है लेकिन मौजूदा हालात में ऐसा नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में हम कई दूसरे बाजारों से खाद्य तेलों का आयात कर रहे हैं और कुछ नए बाजारों पर भी हमारी नजर है। इसके साथ ही उन्होंने घरेलू कारोबारियों से इस मौके का फायदा उठाते हुए तेल निर्यात की संभावनाओं पर गौर करने को कहा। उद्योगपतियों को हरेक चुनौती को अवसर में बदलने का मौका देखना चाहिए। केंद्र सरकार अपना समर्थन देने के लिए हमेशा ही तैयार है। सीतारमण ने भारतीय उद्योगों से ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में साझा उद्यम लगाने के लिए भागीदार तलाशने का भी अनुरोध किया। इन दोनों देशों में साझा उद्यम साझेदार का चयन करने से घरेलू उद्यमियों के लिए अपना विस्तार करने में मदद मिलेगी। भारत ने पिछले कुछ महीनों में ऑस्ट्रेलिया और यूएई के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे अधिकांश भारतीय उत्पादों को इन दोनों देशों में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी।

सोना फिर हुआ सस्ता, चांदी की कीमत भी घटी

नई दिल्ली । वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में नरमी की वजह से एमसीएक्स पर बुधवार को सोने की कीमत 0.46 फीसदी की गिरावट आई और इसका भाव टूटकर 50,352 रुपए रह गया। चांदी के दाम में भी 0.55 फीसदी की कमी आई है और इस गिरावट के बाद इसका दाम घटकर 60, 286 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया है। बीते कारोबारी सत्र में बढ़त के बाद बुधवार को एक बार फिर कीमती कीमती धातुओं के भाव में तेजी आई है। यहां बता दें कि आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉलं मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

ब्रिटेन में महंगाई 30 साल के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली । रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग से कच्चे तेल की कीमत में अधिक बढ़ोतरी हो गई है। इससे कई देशों में महंगाई ने कई दशकों का रेकॉर्ड तोड़ दिया है। ब्रिटेन में महंगाई 30 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। इससे लोगों को दो जून की रोटी जुटाना भी मुश्किल हो रहा है। देश में मंदी की आहट सुनाई देने लगी है। एक नई रिसर्च के मुताबिक अगले एक साल में करीब 15 लाख परिवार खाने पीने की चीजों और एनर्जी का बिल चुकाने की स्थिति में नहीं होंगे। महंगाई और भारी टैक्स ने उनका बजट बिगाड़कर रख दिया है। एक शोध के मुताबिक ब्रिटेन इस साल मंदी की चपेट में आ जाएगा। उसने लोगों को इस स्थिति से बचाने के लिए वित्त मंत्री ऋषि सुनक से और उपाय करने की अपील की है। वित्त मंत्रालय का कहना है कि सरकार लोगों की हरसंभव मदद कर रही है। बताया जा रहा है कि महंगाई की सबसे ज्यादा मार गरीब परिवारों पर पड़ी है। बैंक ऑफ इंग्लैंड का कहना है कि कुछ ही महीनों में महंगई 10 फीसदी तक पहुंच सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सरकार को मई से अक्टूबर के बीच यूनिवर्सल क्रेडिट में हर हफ्ते 25 पाउंड की बढ़ोतरी करनी चाहिए।

शेयर बाजार की मजबूत शुरुआत

सेंसेक्स 190 अंक उछला, निफ्टी 16,305.60 पर

मुंबई । वैश्विक बाजारों में सुधार के चलते बुधवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 190 अंक से अधिक चढ़ गया, हालांकि बाद में इसमें दबाव देखने को मिला। इस दौरान 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 190.34 अंक बढ़कर 54,555.19 पर पहुंच गया। इसी तरह शुरुआती सौदों में एनएसई निफ्टी 65.55 अंक उछलकर 16,305.60 पर पहुंच गया। हालांकि, बाजार अपनी बढ़त बरकरार नहीं रख सका, और जल्द ही लाल निशान में आ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स में भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, एचडीएफसी और महिंद्रा एंड महिंद्रा में तेजी हुई।इसके विपरीत एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, लार्सन एंड ट्रुब्रो और इंडसइंड बैंक गिरने वाले प्रमुख शेयरों में थे। अन्य एशियाई बाजारों में तोक्यो, हांगकांग, शंघाई और सोल के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अडानी विल्मर के शेयर एक बार फिर बढ़त के ट्रैक पर आ गए हैं। निफ्टी 50 के 35 स्टॉक हरे निशान पर दिख

रहे हैं। टॉप गेनर में आज एचडीएफसी लाइफ, यूपीएल, ओएनजीसी, बीपीसीएल और जेएसडब्ल्यू जैसे स्टॉक्स थे तो निफ्टी टॉप लूजर में एशियन पेंट्स, सिप्ला, हिन्दुस्तान यूनीलीवर, इन्फोसिस और एएंडटी थे। अडानी ग्रुप की कंपनियों अडानी विल्मर, अडानी ग्रीन अडानी पावर, अडानी ट्रांसमिशन में तेजी दिख रही है। बाजार के जानकारों का कहना है कि बाजार उतार-चढ़ाव का दौर देख रहा है। बढ़ती ब्याज दरें, आर्थिक वृद्धि के सुस्त पड़ने की आशंका और चीन में सख्त लॉकडाउन जैसे कारक बाजार को प्रभावित कर रहे हैं।

डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे चढ़ा

मुंबई । अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 77.24 पर खुला, और फिर बढ़त दर्ज करते हुए 77.17 पर आ गया। इस तरह रुपए ने पिछले बंद भाव के मुकाबले 17 पैसे की बढ़त दर्ज की। हालांकि, इस दौरान रुपए ने डॉलर के मुकाबले 77.31 का निचला स्तर भी देखा। रुपया मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 77.34 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.85 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि शेयर बाजार में गिरावट, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और विदेशी फंडों के लगातार बाहर जाने से रुपए पर दबाव पड़ सकता है।

इंडियन कमोडिटी एक्सचेंज की मान्यता समाप्तः सेबी

नई दिल्ली । पूंजी बाजार नियामक सेबी ने इंडियन कमोडिटी एक्सचेंज लिमिटेड की मान्यता रद्द करते हुए कहा कि एक्सचेंज के पास पर्याप्त संख्या में अनुभवी कर्मचारी और अपेक्षित वित्तीय क्षमता का अभाव है। सेबी ने कहा ?कि नतीजतन आईसीईएक्स एक मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज नहीं रहेगा। आईसीईएक्स (भारतीय जिंस एक्सचेंज) को केंद्र सरकार द्वारा स्थायी आधार पर अक्टूबर, 2009 में जारी एक अधिसूचना के माध्यम से वायदा अनुबंध के तहत एक एक्सचेंज के रूप में मान्यता दी गई थी। नेटवर्थ की आवश्यकता, सेबी निरीक्षण के निष्कर्ष और बुनियादी ढांचे जैसे कई आधार के मोर्चे पर गैर-अनुपालन के बाद नियामक ने अपनी मान्यता वापस ले ली है। सेबी ने अपने आदेश में कहा कि नवंबर, 2021 तक आईसीईएक्स की कुल संपत्ति 93.43 करोड़ रुपये थी, जो जनवरी, 2022 तक घटकर 86.45 करोड़ रुपये रह गई। नियमों के अनुसार प्रत्येक मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज के पास हर समय न्यूनतम नेटवर्थ 100 करोड़ रुपए होना आवश्यक है।नियामक ने कहा कि एक्सचेंज पर चलाए जा रहे अनुबंधों में से कोई भी बड़ी मात्रा को नहीं दर्शा रहा था। तय मानकों के अनुपालन और नियामकीय मुद्दों के साथ-साथ निगरानी जैसे सबसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए कर्मचारियों की कमी ने एक्सचेंज में स्थिति को बहुत अनिश्चित बना दिया है, जिससे इसके अस्तित्व की निरंतरता संदिग्ध हो जाती है।

श्रीलंका पर है 56 अरब डॉलर का विदेशी कर्ज

कर्ज नहीं चुकाने की वजह से जुलाई तक हो सकता है डिफाल्टर घोषित!

नई दिल्ली । लगातार हिंसा और आगजनी की घटनाओं से श्रीलंका की आर्थिक स्थिति बदतर हो चुकी है, जिससे श्रीलंका के ऊपर 56 अरब डालर का विदेशी कर्ज हो गया है। इसका दस फीसद कर्ज अकेले चीन का ही है। उसके लिए ये रकम इस कदर बड़ी है जिसको उतारने का फिलहाल उसको कोई जरिया भी दिखाई नहीं दे रहा है। श्रीलंका को दो अरब डालर केवल इस कर्ज के ब्याज के रूप में चुकाने हैं। श्रीलंका के जानकार इस स्थिति के लिए वहां की सरकार को ही दोषी ठहरा रहे हैं। लेकिन हकीकत ये भी है कि इस स्थिति का सबसे बुरा असर वहां की आम जनता पर पड़ रहा है। देश में खाने-पीने के सामान की भारी किल्लत है। इसके अलावा दवाओं की भी भारी कमी है। जरूरी चीजों की कीमतें आसमान छू रही हैं। विदेशी कर्ज को चुकाने

की ही बात करें तो श्रीलंका के पास मुश्किल से ही 50 अरब डालर का विदेशी मुद्रा भंडार शेष है। ऐसे में इस बात की आशंका काफी अधिक है कि विभिन्न वित्तीय एजेंसियां श्रीलंका को जुलाई में डिफाल्टर घोषित कर दें।

भारत इस वर्ष जनवरी से अब तक श्रीलंका को 3.5 अरब डॉलर की मदद दे चुका है। भारत के साथ सबसे बड़ी समस्या ये है कि जितना कर्ज श्रीलंका को चुकाना है उसकी भरपाई अकेला भारत भी नहीं कर सकता है। इसमें कई तरह का रिस्क फेक्टर भी जुड़ा है। ये भी सही है कि भारत चाहता है कि श्रीलंका जल्द से जल्द इस स्थिति से उबर जाए। ऐसा इसलिए है क्योंकि श्रीलंका की बदहाली भारत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। भारत के पड़ोसी देश होने के नाते भी ये हमारे हित में नहीं है कि वो इस तरह की बदहाली, जो बाद में भयानक अराजकता और गृहयुद्ध को जन्म दे सकती है, वो लंबे समय तक बरकरार रहे। श्रीलंका के सार्क फेमवर्क व्यवस्था के जरिए भारत ने 40 करोड़ डॉलर की मदद मुहैया करवाई थी। इसके अलावा एशियन क्लीयरिंग यूनिट के तहत आरबीआइ ने 1.5 अरब डॉलर की मदद पहुंचाई। इसके बाद ईंधन खरीद के लिए 50 करोड़ डॉलर की व्यवस्था की गई। इसके बाद दवा, अनाज जैसी जरूरी चीजों की खरीद के लिए एक अरब डॉलर की राशि फिर भारत ने दी है। इस दौरान 760 किलोग्राम दवाइयां भी भारत पहुंचा चुका है। श्रीलंका के लिए विदेश से कर्ज पाना इसलिए भी मुश्किल हो रहा है क्योंकि वहां पर राजनीतिक अस्थिरता है। यही समस्या भारत के भी साथ है। स्थिर सरकार न होने की सूरत में श्रीलंका को और अधिक कर्ज देना भारत के लिए भी गलत हो सकता है। बता दें कि श्रीलंका की गोताबाया और राजपक्षे की सरकार चीन की समर्थक रही है।

म्युचुअल फंड योजनाओं में अप्रैल में 72,800 करोड़ निवेश बढ़ा

नई दिल्ली। भारत में वित्त वर्ष 2022-23 के अप्रैल माह में म्यूचुअल फंड उद्योग की ऋण-पत्र, शेयर और हाइब्रिड निवेश योजनाओं में कुल मिला कर निवेश में 72,846.79 करो? रुपए की बढ़त दर्ज की गई। म्युचुअल फंड कंपनियों के संगठन एमएफआई के जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2022 के आखिर में इस उद्योग के प्रबंध के अधीन कुल संपत्ति 38.03 लाख करो रुपए रही हो मार्च 2022 के आखिर में 37.56 लाख करो रुपए थी। एसआईपी में अच्छे प्रवाह के चलते म्युचुअल फंडों की शेयरों में निवेश वाली योजनाओं में अप्रैल में 15,890 करो रुपए का निवेश दर्ज किया जबकि मार्च 2022 में शेयर निवेश योजनाओं में शुद्ध रूप से 28,463 करो रुपए की पूंजी आई थी। ऋण-प्रतिभूतियों में निवेश पर केंद्रित योजनाओं में मार्च 2022 में हुई 114,823 करो रुपए शुद्ध पूंजी-निकासी की अप्रैल में 54,756 करो रुपए का शुद्ध प्रवाह रहा। यूक्रेन संकट और महंगाई के दबाव के बीच अमेरिका में नीतिगत ब्याज दरों के बढ़ाए जाने से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के भारत जैसे उभरते बाजारों से पूंजी निकाने से स्थानीय शेयर बाजारों में अप्रैल में प्रमुख शेयर सूचकांकों में तेज गिरावट रही। स्मॉल और मिडकैप इंडेक्स में मामूली बढ़त दर्ज की गई। क्षेत्र विशेष पर केंद्रित योजनाओं में अप्रैल में सबसे ज्यादा 3,843 करो रुपए का शुद्ध प्रवाह हुआ।

अमृता राव ने शुरू किया काम

फिल्म विवाह से सुर्खियां बटोरने वाली अमृता राव को भला कौन नहीं जानता। उन्होंने कई फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज करायी है। भले ही शादी के बंधन में बंधने के बाद अमृता की फिल्मों में सक्रियता कम हुई। इसके बावजूद दर्शकों के दिलों पर वह अभी भी राज करती हैं। अमृता ने पिछले साल एक बेटे को जन्म दिया था। अब उन्होंने अपनी डिलीवरी के सात महीने बाद एक कमर्शियल प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू की है। अमृता अब अपना फोकस करियर पर देना चाहती हैं। खबरों की मानें तो इस कमर्शियल प्रोजेक्ट की शूटिंग के दौरान काफी एहतियात बरता गया था। मेकर्स ने काफी कम क्रू-मेंबर्स के साथ विज्ञापन को शूट करने का निर्णय लिया था। अमृता ने इस प्रोजेक्ट की शूटिंग पांच क्रू-मेंबर्स की मौजूदगी में की है। यह अमृता के लिए काफी रोमांचकारी अनुभव रहा है। बताया जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट की शूटिंग के दौरान पूरी यूनिट ओटीटी किट में थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन पांच सदस्यों वाली क्रू-मेंबर्स का कोरोना वायरस टेस्ट करवाया गया था और सभी की जांच रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद ही इस प्रोजेक्ट को फिल्माया गया है। अमृता ने 1 नवंबर, 2020 को पैदा हुए अपने बेटे का नाम वीर रखा है। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने बेटे के नाम का खुलासा किया था। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा था, हेलो वर्ल्ड..हमारे बेटे वीर से मिलिए। आप सभी लोगों का आशीर्वाद चाहिए। अमृता ने अपने मां बनने के अनुभवों को भी साझा किया है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा से एक कामकाजी मां बनना चाहती थी। मेरी मां ने यह मिसाल कायम किया है। मेरे जन्म लेने के बाद मां ने अपना करियर नहीं छोड़ा था। उन्होंने फैमिली और प्रोफेशनल लाइफ को बहुत ही खूबसूरती से बैलेंस किया था। मैं भी आने वाले दिनों में एक कामकाजी महिला के रूप में मिशाल पेश करना चाहती हूं। हालांकि, यह काम इतना आसान नहीं है। गौरतलब है कि 2009 में आरजे अनमोल ने अमृता का एक इंटरव्यू लिया था, जिसके बाद ही दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी थीं। करीब सात साल तक एक दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने 2016 में एक निजी समारोह में शादी कर ली।

सोडा पीने की आदत कमजोर कर सकती है इम्युनिटी, जानिए कैसे

गर्मियों के मौसम में ज्यादातर लोग किसी अन्य ड्रिंक के मुकाबले सोडा पीना ज्यादा पसंद करते हैं. सोडा की लोकप्रियता को देखते हुए कई लोग डाइट सोडा पीते हैं क्योंकि उसमें शुगर की मात्रा बेहद कम होती है. लेकिन शायद आपको जानकर हैरानी होगी कि सोडा आपके सेहत के लिए हानिकारक होता है. इसमें कई तरह के केमिकल पाए जाते हैं जो शरीर के लिए हानिकारक हो सकते हैं. इसे रोजाना पीने से सिर्फ वजन नहीं बढ़ता है बल्कि हृदय और इम्यून सिस्टम भी प्रभावित होता है. सोडा में मुख्य रूप से चीनी का इस्तेमाल किया जाता है जो आपके इम्यून सिस्टम को कमजोर करने के लिए जाना जाता है. इम्युनिटी कमजोर होने पर बीमारियों से लड़ना मुश्किल हो जाता है, ऐसे में संक्रमण का खतरा अधिक बढ़ जाता है. आइए जानते हैं कैसे सोडा पीने से इम्युनिटी पर प्रभाव पड़ता है.

बैड बैक्टीरिया को बढ़ाता है

350 मिली लीटर सोडा में 39 ग्राम चीनी होती है. इसका अधिक मात्रा में सेवन करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है. चीनी बैक्टीरिया और वायरस को बढ़ाने का काम करता है. साथ ही आपकी इम्यून सिस्टम को कमजोर करता है.

संक्रमण को बढ़ाता है

सोडा पीने से संक्रमण का खतरा अधिक बढ़ता है, खासतौर पर टाइप 2 डाइबिटीज के मरीज जल्दी संक्रमित होते हैं. सोडे में मौजूद शुगर इम्यून सिस्टम को प्रभावित करता है. इम्यून सिस्टम में व्हाइट ब्लड सेल्स होते हैं जो संक्रमण से लड़ने में मदद करता है. इन्हें किलर ब्लड सेल्स भी कहा जाता है. बीमारियों से बचने के लिए टाइप -2 डायबिटीज के मरीजों को सोडे का सेवन नहीं करना चाहिए.

टाइप -2 डायबिटीज को बढ़ाता है

रोजाना सोडा पीने से टाइप -2 डायबिटीज का खतरा बढ़ सकता है. रोजाना चीनी वाली चीजें पीने से इंसुलिन बढ़ता है. इससे टाइप -2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है. टाइप -2 डायबिटीज के खतरे को कम करने के लिए अनसैचुरेटेड फैट और सोडा का सेवन कम करें.

सूजन बढ़ाता है

सोडा सिर्फ शरीर में सूजन ही नहीं बल्कि आपकी इम्यून सिस्टम को भी प्रभावित करता है. इसके अलावा जानलेवा बीमारियों के खतरें को बढ़ाता है. स्टडी में पाया गया कि जो लोग रोजाना सोडा पीते हैं उनके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा अधिक होती है, जो सूजन को बढ़ावा देता है।

सफेद लिबास में इशिता दत्ता ने फ्लॉन्ट किया अपना हॉट फिगर

बॉलीवुड फिल्म दृश्यम में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी एक्ट्रेस इशिता दत्ता आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. एक्ट्रेस ने अपनी बेहतरीन अदाकारी से बॉलीवुड में अपनी एक अलग जगह बनाई जहां अब उनकी कुछ हॉट तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. आइए एक नजर डालते हैं एक्ट्रेस की तस्वीरों पर. इशिता दत्ता फिल्म एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता की छोटी बहन हैं. इशिता दत्ता हाल ही में हमें द गर्ल ऑन द ट्रेन फिल्म में नजर आईं थीं. सोशल मीडिया पर इस फिल्म की खूब चर्चा हुई थी. यह फिल्म पाउला हॉकिन्स के उपन्यास का हिंदी रूपांतरण है। द गर्ल ऑन द ट्रेन एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर थी, जिसे दर्शकों से काफी सराहना मिली। हाल ही में ईशिता ने ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं. जो अब वायरल हो रही हैं. अपने हॉट फिगर का खासा ख्याल रखती हैं इशिता दत्ता. सफेद लिबास में कहर बरपा रही हैं एक्ट्रेस. एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर उनके फैंस खूब पसंद कर रहे हैं. इशिता दत्ता का ये अंदाज है कातिलाना. इशिता दत्ता का बेबाक अंदाज उनके फैंस को खूब पसंद आता है. जहां वो अक्सर सोशल मीडिया पर अपने विचारों को रखती हैं. एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर उनके फैंस खूब पसंद कर रहे हैं. जमशेदपुर में जन्मी इशिता दत्ता व उनकी बड़ी बहन तनुश्री दत्ता सोनारी की रहने वाली है। वह कदमा स्थित डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल से स्कूली शिक्षा पूरी की। हाल ही में मीडिया को दिए एक साक्षात्कार में इशिता दत्ता ने कहा कि वह मजबूत और ग्लैमरस रोल करना चाहती है। उन्होंने कहा, मैं एक ग्लैमरस अवतार में दिखना चाहती है। लेकिन इस ग्लैमरस अवतार को संतुलित भी रखना चाहती हूं। अभी तक जो मुझे रोल मिले अधिकांश प्रोजेक्ट विनम्र, सरल, थोड़ी से बेचारी वाली रोल में दिखी।

संतूर के उस्ताद

भारतीय संगीतकार और संतूर वादक पंडित शिवकुमार शर्मा का मुंबई में कार्डियक अरेस्ट के कारण निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। वह पिछले छह महीने से किडनी संबंधी समस्याओं से पीड़ित थे और डायलिसिस पर थे। पंडित शिव कुमार शर्मा का सिनेमा जगत में अहम योगदान रहा। बॉलीवुड में शिव-हरी नाम से मशहूर शिव कुमार शर्मा और हरि प्रसाद चौरसिया की जोड़ी ने कई सुपरहिट गानों में संगीत दिया था। इसमें से सबसे प्रसिद्ध गाना फिल्म चांदनी का मेरे हाथों में नौ-नौ चूड़ियां रहा, जो दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी पर फिल्माया गया था। शिव कुमार शर्मा का 15 मई को कॉन्सर्ट होने वाला था। सुरों के सरताज को सुनने के लिए कई लोग बेताब थे। शिव-हरि (शिव कुमार शर्मा और हरि प्रसाद चौरसिया) की जुगलबंदी से अपनी शाम रौनक करने के लिए लाखों लोग इंतजार कर रहे थे। लेकिन अफसोस इवेंट से कुछ दिन पहले ही शिव कुमार शर्मा ने इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। अपने खास अंदाज से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संगीत को पहचान दिलाई। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में पंडित शिवकुमार शर्मा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके साथ ही उन्होंने मनोरंजन जगत में अपनी प्रतिभा का लोह मनवाया। उन्होंने बांसुरी के दिग्गज पंडित हरि प्रसाद चौरसिया के साथ मिलकर सिलसिला, लम्हे और चांदनी जैसी फिल्मों के लिए संगीत तैयार किया था। पंडित शिवकुमार शर्मा ने सिलसिला फिल्म के थीम सॉन्ग का संगीत भी तैयार किया। 1981 में आई इस फिल्म में अभिनेता अमिताभ बच्चन, अभिनेत्री जया बच्चन और रेखा ने मुख्य भूमिका निभाई थी। हरिप्रसाद चौरसिया और शिवकुमार शर्मा ने इस फिल्म को बैकग्राउंड स्कोर प्रदान किया। यह फिल्म भले ही असफल रही, मगर इसके गाने काफी हिट हुए। इस फिल्म के ये गाने कहां आ गए हम, देखा एक ख्वाब, रंग बरसे भीगे चुनरवाली गाने आज भी लोग गुनगुनाते हैं। फिल्म सिलसिला के लिए यश चोपड़ा नया संगीतकार ढूंढ रहे थे। उन्होंने शिवहरि को संगीतकार के रूप में चुना। दोनों ने खुद को साबित कर दिखाया। शिवहरि ने सिलसिला फिल्म के गानों के लिए अलग तरह की धुनें बनाईं। इस फिल्म में लता मंगेशकर और किशोर कुमार के अलावा अमिताभ बच्चन से भी गाने गवाए। सिलसिला के लिए बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर का अवॉर्ड मिलने के बाद यह जोड़ी यश चोपड़ा की फिल्मों के लिए संगीत देने लगी। 1985 में आई फासले, 1988 में आई विजय असफल रहीं, लेकिन संगीत हिट रहा। फ्लॉप फिल्मों के दौर से गुजर रहे यश चोपड़ा ने 1989 में ऋषि कपूर, श्रीदेवी और विनोद खन्ना को लेकर चांदनी फिल्म बनाई। फिल्म की रिलीज से पहले ही इस फिल्म के गाने हिट हो गए। शिव हरि के संगीत से फिल्म हिट हुई। इन दोनों के संगीत ने यश चोपड़ा के करियर को फिर पटरी पर पहुंचाया। शिवकुमार शर्मा और हरिप्रसाद चौरसिया ने मिलकर कुल आठ फिल्मों के लिए साथ काम किया। इनमें से सात फिल्में यश चोपड़ा ने निर्देशित कीं। 1993 में आई साहिबां इकलौती ऐसी फिल्म थी, जिसे यश चोपड़ा ने नहीं बनाया था। इन दोनों ने एक साथ कई फिल्मों में संगीत दिया है और अनेक एलबम भी बनाए हैं। शिवहरि की जोड़ी यश चोपड़ा की फिल्मों के संगीतकार के रूप में भी विख्यात रही है। पंडित शिवकुमार शर्मा का जन्म जम्मू में पंडित उमा दत्त शर्मा के घर 13 जनवरी 1938 को हुआ था। उनके पिता ने उन्हें महज पांच वर्ष की आयु से तबला और गायन की शिक्षा देना शुरू कर दिया था। उनके पिता ने संतूर वाद्य पर शोध किया और वह शिवकुमार को भारतीय शास्त्रीय संगीत को संतूर पर बजाते हुए देखना चाहते थे।

कहो तो कह दूँ = इस महाघोटाले के सामने तो तमाम पुराने घोटाले फीके पड़ गए

चैतन्य भट्ट

अपना देश घोटालों के लिए हमेशा से ही मशहूर रहा है द्य सरकारें आती जाती रहीं, पार्टियां बदलती रहीं पर घोटाले अपनी जगह मौजूद रहे, वैसे तो घोटालों का इतिहास बहुत पुराना है लेकिन नौ सो करोड़ का विजय माल्या घोटाला एक लाख छियत्तर करोड़ रूपये वाला टू जी स्पेक्ट्रम घोटाला सत्तर हजार करोड़ रूपये का कॉमन वेल्थ घोटाला चौसठ सौ करोड़ रूपये का बोफोर्स घोटाला ग्यारह हजार चार सौ करोड़ का नीरव मोदी घोटाला छत्तीस सौ करोड़ का अगस्ता वेस्टलैंण्ड हेलीकाप्टर घोटाला दस हजार करोड़ रूपये का हर्षद मेहता घोटाला चौदह हजार करोड़ का सत्यम घोटाला ये तमाम घोटाले ज्यादा याद आते हैं वैसे तो इन घोटालों की संख्या एक सैकड़ा से भी ज्यादा है लेकिन ये घोटाले हैं जो लोगों की जुबान पर अभी भी चढ़े हैं , लेकिन इन तमाम घोटालों को पानी पिलाने एक नया महाघोटाला हुआ है और वो है नीबू घोटालाद्य पंजाब की कपूरथला जेल के अधीक्षक ने ऐसा भयानक नीबू घोटाला किया कि पूरी सरकार हिल गयी द्य जेल के अधीक्षक गुरनाम लाल ने एक झटके में में पचास किलो नीबू की खरीद कर डाली , पचास किलो नीबू एक बार में खरीदना कोई आम बात है क्या । आदमी एक नीबू खरीदने के पहले दस बार सोचता हो उस वक्त उन महाशय ने एक मुश्त पचास किलो नीबू खरीद डाले और खरीदे तो खरीदे उनमें से एक भी नीबू या उसके रस की दो चार बूंदें भी उस जेल के कैदियों को नसीब नहीं हुई वे पचास किलो नीबू कंहा चले गए ये किसी को पता भी नहीं चला। लेकिन कहते हैं कि पाप कभी छिपता नहीं है सो शिकायत हो गयी कि भाईजी ने पचास किलो नीबुओं की खरीद कर डाली है और जब ये खबर सामने आई तो लोगों ने उस अधीक्षक की दिलेरी पर दंतों तले ऊँगली दबा ली, इतना बड़ा घोटाला वो भी सरकार की नाक के नीचे , सरकारों को लगा ये तो बड़ी बेइज्जती वाली बात है कि उसे पता भी नहीं चला और इतना भीषण घोटाला हो गया बस क्या था तत्काल में जांच कमेटी बैठी और नीबू घोटाले के आरोपी जेल अधीक्षक को सस्पेंड कर दिया गया द्य अपने हिसाब से तो उसे सस्पेंशन की जो सजा दी गयी है वो उसके घोटाले के हिसाब से काफी कम है, जब देश में एक एक नीबू के लाले पड़े हो उस दौरान उसने एक बार में पचास किलो नीबू खरीद डाले इससे बड़ा गुनाह तो और कोई हो ही नहीं सकता द्य दरसल अधीक्षक ने सोचा होगा की लोग बाग़ अपने बाल बच्चों के लिए नीबू खरीद कर रख लें जब बच्चे बड़े होंगे, उनकी पढ़ाई लिखाई में, ब्याह शादी में पैसों की जरूरत होगी तो ये नीबू बेचकर सारा इंतजाम कर लेंगे लेकिन उन्हें क्या मालूम था कि कुछ विघ्न संतोषी उनकी शिकायत कर देंगे लेकिन एक बात तो है उस जेल अधीक्षक ने ये पचास किलो नीबू किधर छिपाकर रखे है ये पुलिस अभी तक भी पता नहीं लगा पाई हैं

दो [ार्टर के बाद भी नशा नहीं

उज्जैन के एक दरुये ने प्रदेश के गृह मंत्री को शिकायत भेजी है की उसने एक दारू की दूकान से दो क्वार्टर देशी शराब खरीदी और एक बार में ही उसे अपने गले में उतार डाला लेकिन उसे नशा नहीं चढ़ा इसलिए इस मामले की जांच की जाए और उस शराब दूकान के ठेकेदार पर कार्यवाही की जाए और अगर ऐसा नहीं हुआ तो वो अपनी शिकायत लेकर कज्जूमर फोरम भी जाएगा , क्योंकि सवाल नशे का है जिस बात के लिए उसने दो क्वार्टर गटक डाले और अगर उसे नशा नहीं आया तो ये उसके साथ अन्याय हैं आबकारी विभाग ने भी उसकी शिकायत लेकर उसे आश्वासन दिया हैं कि वे इस मामले की गहराई से जांच करेंगे और यदि ऐसा हुआ हैं तो शराब दूकान दार पर कार्यवाही की जायेगी, अब आबकारी विभाग इसकी जांच कैसी करेगा ये भी तो सवाल है.। पहले तो अपने किसी दरुये कर्मचारी को दो क्वार्टर पिलवाना पेड़ेगा और यदि सचमुच में उसको भी नशा नहीं चढ़ेगा तो मान लिया जाएगा कि उस दरुये की शिकायत में दम है और यदि उसे चढ़ गयी तो ये मान लिया जाएगा कि जिन भाई जी ने शिकायत की है उनका रियाज बढ़ चुका है और दो क्वार्टर में उनका कुछ नही उखड़ता फिर उन्हें सलाह दी जाएगी कि हुजूर अब अपना कोटा बढ़ाओ और दो क्वार्टर की बजाय कम से कम चार कवार्टर सूंटो तब आपको सुरूर आएगा आपका लीवर दो क्वार्टर से सेटिस्फाइड नहीं होता उसे बर्बाद करने के लिये कम से कम चार क्वार्टर की जरूरत पड़ेगी, इसलिए अपनी भी उनसे यही अपील है कि एक बार में चार क्वार्टर पीयो और उसके बाद भी नशा न आये तब शिकायत करो द्य

बेचारा लाउडस्पीकर

क्या दिन थे लाऊड स्पीकर के, कोई भी आयोजन हो और लाउडस्पीकर की जरूरतं न पड़े ऐसा तो हो ही नहीं सकता था द्य रात्रि जागरण हो भगवत कथा हो अखंड रामायण हो जगराता हो नेताओं की सभा हो अजान हो पंद्रह अगस्त छबीस जनवरी में देशभक्ति के गीत हो शादी हो ब्याह हो सांस्कर्तिक आयोजन हो या फिर साहित्यिक आयोजन ऐसी कौम से जगह थी जंहा लाऊड स्पीकर के बिना काम चल जाता हो , लेकिन अचानक पूरा देश इस बेचारे लाऊड स्पीकर के पीछे हाथ धोकर पड़ गया द्य अच्छे भले मंदिरों में, मस्जिदों में टंगे थे एक ही झटके में उतारने का आदेश आ गया बरसों से कंगूरों पर चढ़े ये बेचारे लाऊड स्पीकर फर्श पर आ गए इसी को कहते हैं अर्श से फर्श पर आ जाना।कितने सालों तक इन नेताओं की आवाज हजारो लोगों तक पंहुचाई लेकिन ये ही नेता इतने बेवफा निकलेंगे ये कभी भी इन लाऊड स्पीकरों ने सोचा नहीं था , अरे भाई ये तो सोच लेते कि हमारा तो काम ही है आवाज तेज करना और जिस काम के लिए हमें बनाया गया है तो वो ही काम तो हम करेंगे , लेकिन किसी ने कुछ नहीं सोचा हमारी बरसों की सेवा का ऐसा सिला मिला द्य अब हमें अपनी चिंता से ज्यादा उन डीजे की होने लगी है जो हमसे कई गुना शक्तिशाली हैं जिसकी आवाज से हार्ट अटैक आ सकता है, आदमी बहरा हो सकता है गर्भवर्ती महिलाओं का गर्भपात हो सकता है।

वर्तमान में जिएं

मुनि ने सेठ की पुत्रवधू से पूछा, श्वसुरजी कहां हैं? उसने कहा, जूते की दुकान पर गए हैं। श्वसुर उस समय आराधना-कक्ष में आराधना कर रहा था। उसने सुना, वह तत्काल आया और बोला, महाराज! मेरी पुत्रवधू ने असत्य कहा है। मैं आराधना कर रहा था। इसने जानते हुए भी असत्य कहा है। मुनि ने सेठ से कुछेक प्रश्न पूछे। पूछते-पूछते एक प्रश्न के उत्तर में सेठ ने कहा, धर्म की आराधना तो चल रही थी, किन्तु एक बात मन में चक्कर लगा रही थी कि आराधना पूरी होते ही मैं दुकान पर जाकर जूते खरीदूंगा। जूते फट गए हैं, अच्छा नहीं लगता। कब आराधना पूरी हो और कब मैं जूते वाले के यहां जाऊं। इसी विचार से आराधना पूरी कर अब बाहर आया हूं। मुनि बोले, सेठजी! तुम्हारी पुत्रवधू ने सत्य ही तो कहा था। तुम्हारा शरीर आराधना-कक्ष में था, पर चित्त जूते की दुकान के चक्कर लगा रहा था। बिना चित्त के आराधना कैसी? प्रत्येक आदमी की आज यही दशा है। उसका चित्त किसी और दिशा में जा रहा है और शरीर किसी भिन्न दिशा में है। हमारा शरीर स्नायविक क्रिया के आधार पर काम करता है। कोई व्यक्ति जब पहले दिन सीढियों पर चढ़ता है, तब सावधानी से पैर रखता है। दस-बीस बार उन सीढियों पर चढ़ चुकने के बाद पैर अभ्यस्त हो जाते हैं। इसी प्रकार हमारे शारीरिक स्नायुओं को अभ्यास हो जाता है, फिर काम के साथ चित्त को जोड़ना नहीं पड़ता। काम यंत्रवत् पूरा हो जाता है। हमें पता ही नहीं चलता। एक सफल सूत्र है-वर्तमान में जीना।

अपनी उपेक्षा से खफ़ा है स्वतंत्रता सेनानी परिजन!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में हुए स्वतंत्रता सेनानी एवं उनके उत्तराधिकारियों के सम्मेलन में देशभर से आज़ादी के लिए मर मिटने वाले शहीदों के वंशज,जीवित स्वतंत्रता सेनानी व उनके उत्तराधिकारी शामिल हुए।अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद, मंगल पांडे,रानी लक्ष्मी बाई,अशफ़ाक़ उल्ला खां, जगदीश प्रसाद वत्स ,उधम सिंह समेत शहीदों के लगभग बीस वंशजो की गरिमामयी उपस्थिति के बीच लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन पधारी तो विधायक एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा भी दो दिनों तक सम्मेलन में मौजूद रहे।एक स्वतंत्रता सेनानी तो 112 वर्ष की आयु के थे,जिन्होंने अपने संबोधन में माना कि वे देश के लिए लड़े लेकिन आज उपेक्षा से आहत है।इस सम्मेलन को इंदौर के किसी भी अखबार ने अपने यहां जगह नही दी। जिससे लगता है कि इंदौर भले ही सफाई में अव्वल हो ,लेकिन राष्ट्रभक्तो का सम्मान करने के लिए उनके पास समय नही है।न ही इस सम्मेलन के प्रति उनकी कोई रुचि दिखाई पड़ी।अलबत्ता कांग्रेस विधायक सज्जन सिंह वर्मा ने अवश्य अपना फ़र्ज निभाया।लेकिन इंदौर के अन्य 6 विधायको व एक सांसद ने देश के जीवित बचे सम्मेलन में पधारे स्वतंत्रता सेनानियों, अमर शहीदों के वंशजो से मिलना तक गंवारा नही किया।शायद वे भूल गए कि ब्रिटिश हुकूमत की दो सौ साल की गुलामी यूं ही समाप्त नही हुई थी।जिन अंग्रेजों के राज में कभी सूरज नही डूबता था ,उन्ही अंग्रेजों को भारत की बागडोर रात के अंधेरे में देश के नायकों को सौंपनी पड़ी थी।आज़ादी की लड़ाई नरम व गर्म विचारधाराओं के साथ लड़ी गई, दोनों का उद्देश्य सिर्फ ओर सिर्फ देश की आजादी था।जिसे पाने के लिए अनेक बलिदान दिए गए ,जन्मे बच्चों से लेकर युवा,प्रौढ़ और बुजुर्ग सभी आयु वर्ग के थे।इस आज़ादी और आजादी के दीवानों को याद करने के लिए पूरा देश आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है।जिसके लिए दो सौ करोड़ का बजट भी खर्च किया जा रहा है।लेकिन क्या वास्तव में आज़ादी के दीवानों और उनके परिजनों को अभी तक वह सम्मान मिल पाया है,जिसके वे हक़दार है?इसी विषय पर दो दिनों तक विचार मंथन किया गया। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति समेत देश के 28 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठनों ने संयुक्त रूप से मध्यप्रदेश के इंदौर में 6 व 7 मई को यह राष्ट्रीय सम्मेलन आहूत किया था।

स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र रघुवंशी इस सम्मेलन के सूत्रधार रहे है।इस सम्मेलन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों की जहां पीड़ा व्यक्त की गई, वही अपनी उपेक्षा की तरफ सरकार का ध्यानाकर्षण भी कराया गया।आज़ादी के अमृत महोत्सव वर्ष में सरकार व नोकरशाही द्वारा की जा रही इस उपेक्षा और अपमान से देश भर के स्वतंत्रता सेनानी संगठन व उनसे जुड़े दो करोड़ परिवारजन आक्रोशित नज़र आए।

इस सम्मेलन में देश के स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के हितों की रक्षा करने के लिए संघर्ष का आव्हान किया गया। इस सम्मेलन में देश भर से लगभग 50 जीवित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,उनकी वीरांगनाओ, शहीदों के वंशजो तथा लगभग 250 स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी शामिल हुए।सम्मेलन में पारित प्रस्ताव के तहत दिल्ली में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक की स्थापना की मांग करने के साथ ही संवैधानिक संस्थाओं में सेनानी परिवारों का मनोनयन किये जाने,स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार आयोग का गठन करने,स्वतंत्रता सेनानी परिवार को राष्ट्रीय परिवार का दर्जा देने, आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान बनाने , शैक्षणिक पाठ्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवनी शामिल करने की मांग की गई है।

इस राष्ट्रीय सम्मेलन में स्वतंत्रता सेनानी संगठनों के प्रतिनिधियों की समन्वय समिति बनाकर इन मुद्दों पर राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाने की घोषणा भी की गई।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके उत्तराधिकारियों के सम्मान की रक्षा तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के प्रति केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा बरती जा रही उदासीनता के प्रति सरकारों को सचेत करने के लिए स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार का यह आयोजन मील का पत्थर सिद्ध हुआ है।

संविधान और कानून से ही समस्या का हल

सूडोकु नवताल- 6068

★★★★☆ कठिन

	8			6				
					5			
		9				7		3
	1			8				2
			7		4			
6				3			8	
5		7				4		
			8					
				1			6	

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

सूडोकु नवताल -6067 का हल

9	4	5	3	1	8	7	6	2
1	8	6	7	2	5	4	9	3
2	7	3	9	4	6	8	1	5
6	3	9	1	7	4	2	5	8
5	2	4	8	9	3	6	7	1
7	1	8	6	5	2	9	3	4
4	6	7	5	8	1	3	2	9
8	9	1	2	3	7	5	4	6
3	5	2	4	6	9	1	8	7

डॉ. विश्वास चौहान

जैसी की चर्चा है कि राष्ट्र में वर्तमान विपक्ष की सत्ता प्राप्ति की जुगत एवम कुंठाओ से राष्ट्र में में कुछ अप्रिय घटनाएं घट रही है । वर्तमान सरकार की ओर से बयान आया है कि ये मात्र संयोग नही बल्कि योजनाबद्ध है। पूरे देश मे हिंदुओं की पारंपरिक शोभा यात्राओं पर कुछ मुस्लिम कट्टरपंथी जेहादियों द्वारा पथराव पर सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर कर एनआईऐ से जांच की मांग की गई है ।

पहले हुई और वर्तमान में घटित इन सब घटनाओ के संदर्भ में

सोशल मीडिया पर समय समय पर चर्चा चलती रहती है । जिसमे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लिखा जाता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने समृद्धि और विकास पर पूरा ध्यान दिया, लेकिन शत्रु-बोध और सुरक्षा को भूल गए।

जब इन घटनाओं के संदर्भ में सोशल मीडिया पर संवाद होता है तो पूछा जाता है कि सरकार क्या कर सकती है, तो उत्तर में भी वही लिखा जाता है जो सरकार पहले से ही कर रही है।

ये संवाद निम्नानुसार होता है

सलाह 1 -मोदी सरकार गड़बड़ी वाले राज्यों में प्रभावी राज्यपाल नियुक्त करे।

उत्तर- क्या जगदीप धनकर एवं आरिफ मोहम्मद खान कम प्रभावी है?

सलाह2- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, महिला आयोग, बाल विकास आयोग के माध्यम से राज्य सरकारों के गलत कामों में बाधाएं खड़ी करें।

उत्तर- यह पहले से ही हो रहा है। यहाँ तक कि सम्बंधित हाई कोर्ट में कई केस चल रहे है। सीबीआई एवं प्रवर्तन निदेशालय ऐसे कई पॉलिटिशियन एवं सम्बंधियों पर शिकंजा कस रही है। दिल्ली दंगो में लगभग 450 के विरूद्ध चार्जशीट दायर हो चुकी है। उमर खालिद दो वर्ष से जेल में है। कानून संशोधित किया जा रहा है जिससे अब अधिकतर मामलो में सजा हो सकेगी; सर्वोच्च न्यायलय ने स्वीकृति दे दी है जिसके अंतर्गत सरकार द्वारा ह्वह्व को विदेशी फंडिंग नियंत्रित करने पर मोहर लगा दी है। और यह सब हुआ है पिछले एक सप्ताह में। लेकिन यह सब जानने के लिए संसद में देश के गृहमंत्री श्रीअमित शाह के चार संबोधन आपको सुनने होंगे ।

सलाह 3-राज्यों को आवंटित किए जाने वाले केंद्रीय फंड को जारी करने में अनावश्यक विलंब करें, अड़ंगे लगाएं, जांच बिठाएं, और ऐसे सभी मार्गों से सतत दबाव बनाए रखें।

उत्तर- राज्यों को आवंटित किए जाने वाले केंद्रीय फंड को जारी करने में अनावश्यक विलंब नहीं किया जा सकता। मोदी जी ने फ़ेडरल व्यवस्था को बदल दिया है, ना तो आप लख्ख रोक सकते है; ना ही वित्त आयोग समर्थित अन्य फंडिंग का बटवारा। हाँ, केंद्रीय योजनाओ की फंडिंग को रोका जा सकता है और ऐसे किया भी गया है। याद करिए कि पश्चिम बंगाल में कृषि निधि योजना का फंड नहीं भेजा जा रहा था।

सलाह 3- आए दिन भाजपा या आनुषांगिक संगठनों के कार्यकर्ता की हत्याएं होती रहती हैं, तब मौन बैठे रहने की बजाय ऐसे हर घर में सांत्वना देने और उस अर्थी को कंधा देने भाजपा के किसी बड़े नेता या मंत्री को अवश्य पहुंचना चाहिए।

उत्तर- भाजपा या आनुषांगिक संगठनों के कार्यकर्ता की हत्याएं के बाद घर में सांत्वना देने और उस अर्थी को कंधा देने भाजपा के के राज्य अध्यक्ष, अन्य प्रभारी, स्थानीय स्क्कएवं रूरू जाते है (क्या आप सुवेन्दु अधिकारी को ट्विटर पर फॉलो करते है)। उन राज्यों में अपनी यात्रा के दौरान स्वयं नड्डा जी एवं अमित शाह भी ऐसे लोगो के परिवारों में मिलते है।

सलाह 4- केन्द्र सरकार को अपने तरीकों से सुप्रीम कोर्ट के जजों और उनके परिवारजनों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए और उनकी कमजोरियों का राष्ट्रहित में लाभ उठाना चाहिए।

उत्तर- अधिक लिखना उचित नहीं होगा। लेकिन पिछले तीन वर्षों के निर्णय सामने रख सकते है कि उन निर्णयों में क्या लिखा था। आप कदाचित एकाध फर्जी एक्टिविस्ट की विदेश यात्रा को लेकर भड़क सकते है; लेकिन क्या उन एक्टिविस्ट पर केस निरस्त हो गया है?

सलाह 5 - सरकार को शाहीन बाग, लालकिला झंडा कांड में गोली चलाना चाहिए थीं।

उत्तर - कुछ लोग सीधे हिंसा का समर्थन करते हैं, लेकिन तब चुप्पी साध जाते है जब पूछा जाता है कि उन कदमो को उठाने के बाद क्या होगा? यमन, उक्रैन, सीरिया, लीबिया, श्री लंका इत्यादि में भी ऐसे ही कदम उठाये गए है?

राष्ट्रीय युवा दिवस

गजेन्द्र राठौड़

संपूर्ण भारत में राष्ट्र ऋषि स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। विश्व की सबसे अधिक युवा आबादी को धारण करने वाले भारत के लिए कई मायनों में यह दिवस अति महत्वपूर्ण है। भारत सरकार द्वारा 1984 में 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया जाने की घोषणा की थी तथा 1985 से लेकर लगातार यह दिवस मनाया जा रहा हैद्य विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 ई में कोलकाता में हुआ था।पिता विश्वनाथ दत्त कलकत्ता हाईकोर्ट के एक प्रसिद्ध वकील थे। माता भुवनेश्वरी देवी धार्मिक विचारों की महिला थीं। आध्यात्मिकता के प्रति झुकाव के पश्चात वे रामकृष्ण परमहंस के संपर्क में आए तथा उनके शिष्य बन गए।स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मठ, रामकृष्ण मिशन और वेदांत सोसाइटी की नींव रखी। 1893 में अमेरिका के शिकागो में हुए विश्व धार्मिक सम्मेलन में उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया था। अल्प आयु में ही 4 जुलाई 1902 को स्वामी जी ने यह लोक छोड़ दिया परंतु उनके कतृत्व का प्रकाश आज भी प्रसारित हैं।

विवेकानंद भारत में युवाओं के लिए सबसे बड़े आदर्श हैं। विवेकानंद के दर्शन तथा अपने जीवन में किए गए कार्य युवाओं के लिए सदैव ही प्रेरणा के स्त्रोत रहे हैं ,यही कारण है कि युवा दिवस के रूप में स्वामी जी की जयंती का चयन किया गया है।

विवेकानंद के वाक्य आज भी युवाओं को अपने उद्देश्यों के प्रति समर्पित रहकर लक्ष्य प्राप्ति ना हो जाने तक अपने काम में जुटे रहने की शिक्षा देते हैं। उक्त उक्ति का अर्थ है उठो जागो और तब तक न रुको जब तक आप अपने लक्ष्य को प्राप्त न कर लें ।आज युवाओं के लिए आवश्यक है कि वह जो काम प्रारंभ करें उसमें धैर्य के साथ बने रहे। निरंतर प्रयास के द्वारा अनिवार्य रूप से वे सफलता प्राप्त कर सकते हैं चाहे अध्ययन का क्षेत्र हो अथवा खेल का, व्यवसाय हो या समाज सेवा।विवेकानंद जी ने युवाओं को सदैव कहा है कि अपने मस्तिष्क में शक्तिशाली तथा ऐसे ही विचार आने दे जो उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति ले जाए, कमजोर विचार का पूर्णता त्याग करना ही हितकर है। विवेकानंद जी ने शिक्षा के बारे में कहा था कि÷हमे ऐसी शिक्षा चाहिए, जिससे चरित्र बने, मानसिक विकास हो, बुद्धि का विकास हो और मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सके।÷ विवेकानंद शिक्षा के महत्व को और स्पष्ट करते हुए कहा कि जिस अभ्यास से मनुष्य की इच्छाशक्ति, और प्रकाश संयमित होकर फलदाई बने उसी का नाम है शिक्षा।

बाघा बोर्डर, जलिया वाला बाग को किताबों में और टीवी पर देखा था, किंतु आज देखकर हुई रूबरू .....

मामा ने सजीवर दिखवाये शासन के खर्चे पर बाघा बोर्डर और जलिया वाला बाग

मुरैना। मुरैना मुख्यालय की कु. कृतिका गुप्ता, नेहा सविता, नैन्सी तोमर और आयुषी गोले ने कहा कि बाघा बोर्डर, जलिया वाला बाग, गोल्डन टेम्पल और हुसैनी वाला जैसे स्थलों को किताबों और टीवी पर देखा था, किंतु मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की लाडली लक्ष्मीयों को इन स्थानों पर शासन खर्चे से रूबरू कराया। ये हमने कभी सोचा भी नहीं था। दत्तपुरा मुरैना निवासी कु. कृतिका गुप्ता ने बताया कि मेरा जन्म 8 दिसंबर 2007 को हुआ था। मेरे जन्म के बाद समाचार पत्रों में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की महत्वाकांक्षी लाडली लक्ष्मी योजना का इश्तिहार जारी किया। मेरी मां ने समाचार पत्र को पढ़ा और मेरे डॉक्यूमेंट के आधार पर मैं लाडली लक्ष्मी के लिये चिन्हित हो गई। गणेशपुरा मुरैना निवासी कु. नेहा सविता ने बताया कि मेरा जन्म 28 अगस्त 2007 में हुआ था। मेरे जन्म के बाद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मां से मेरे डॉक्यूमेंट लेकर गई और मुझे लाडली लक्ष्मी योजना में शामिल करा दिया। आमपुरा मुरैना निवासी कु. नैंसी तोमर ने बताया कि मेरे पिता शिक्षित थे। उन्होंने टीवी पर देखा कि मुख्यमंत्री द्वारा 2006 के बाद जो बेटियां जन्म लेंगी उन्हें लाडली लक्ष्मी बनाया जायेगा। मेरे जन्म के बाद पिता ने मेरे कागज महिला बाल विकास में जमा करा दिये और में लाडली लक्ष्मी बन गई। वनखंडी रोड निवासी कु. आयुषी गोले ने बताया कि परिवार में अधिकतर लोग पढ़े लिखे थे। अक्सर समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि मुख्यमंत्री की लाडली लक्ष्मी योजना प्रारंभ हुई है। मेरे घर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आई और उसने माता-पिता को गाइड किया, पिता ने तत्काल मेरे कागज आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को प्रदान किये और मुझे लाडली लक्ष्मी बनाकर योजना का लाभ मिलने लगा। कु. कृतिका, कु. नेहा, कु. नैंसी और कु. आयुषी गोले ने बताया कि जन्म के बाद हमारा स्कूल में दाखिला हुआ कक्षा छटवी में हमें दा-दो हजार रूपये छात्रवृत्ति के रूप में मिले, कक्षा नौंवी में चार-चार हजार रूपये स्कॉलरशिप के रूप में प्राप्त हुये। कु. कृतिका, कु. नेहा, कु. नैंसी और कु. आयुषी गोले ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा मां तुझे प्रणाम योजना प्रारंभ करते ही लाडली लक्ष्मी लड़कियों को बाघा बोर्डर, जलिया वाला बाग, गोल्डन टेम्पल और हुसैनी वाला घुमाने के लिये निर्णय लिया। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से लड़कियों को चिन्हित किया। मुरैना से हम चार लड़कियों का नाम अचानक चिन्हित किया गया। सुनते ही हमारे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। हम सोच भी नहीं सकते थे कि माता-पिता के साथ इस प्रकार के टैंपल को देखने जा सकते। हमें 30 अप्रैल को भोपाल से रवाना किया गया था, 8 मई को हम वापिस आये। आज हम दावे के साथ कह सकते हैं कि बाघा बॉर्डर, जलिया वाला बाग, हुसैनी वाला, गोल्डन टैंपल हमने किताबों में, टीवी सीरियल में नहीं बल्कि हमने स्वयं अपनी आंखों से देखा है। यह किसी और ने नहीं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हमको साकार कराया है। हम मुख्यमंत्री (मामा) को तहेदिल से कोटि-कोटि धन्यवाद प्रकट करते हैं। जिन्होंने मामा बनकर हम लाडली भांजियों को यह अवसर प्रदान किया।

यूथ कनेक्ट कार्यक्रम से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ेः गोलू भदोरिया

अंबाह। युवाओं को राष्ट्रीय विचारधारा से जोड़ने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा एक महीने तक यूथ कनेक्ट अभियान चलाएगा, यह अभियान 15 मई से प्रारंभ होगा। इस अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता, सोशल मीडिया कैंपेन और युवा सम्मेलन आयोजित होंगे। यह बात युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गोलू भदौरिया ने साधु सिंह के चिलर पर आयोजित बैठक के दौरान कही। श्री भदौरिया ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी वर्ष में यह अभियान 3 चरणों में आयोजित होगा। पहले चरण में 15 मई से 22 मई के बीच युवाओं के लिए राष्ट्रीय मुद्दों पर भाषण प्रतियोगिता होगी। उन्होंने बताया कि मंडल स्तर पर भाषण प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी जिला स्तर पर एवं जिला स्तर पर विजयी प्रतिभागी संभागीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। संभाग स्तर पर जो प्रतिभागी विजयी होंगे, उन्हें प्रदेश स्तर पर होने वाली भाषण प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा। अभियान के दूसरे चरण में सोशल मीडिया कैंपेन 23 से 27 मई के बीच चलाया जाएगा। जिसके तहत युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय प्रतीकों के साथ सेल्फी, भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के भाषण क्लिप और देशभक्ति पर आधारित गीतों के वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर अपलोड करेंगे। गोलू भदौरिया ने बताया कि तीसरे चरण में युवा मोर्चा प्रदेश के संभाग केंद्रों पर प्रदेश स्तरीय संभागीय सम्मेलन आयोजित करेगा। युवा सम्मेलनों में वकील, खिलाड़ी, कलाकार, डॉक्टर, इंजीनियर, किसान, व्यवसायी एवं युवा सम्मिलित होंगे। गोलू भदौरिया ने सभी कार्यकर्ताओं से आयोजन में जी-जान से जुट जाने को कहा। इस बैठक में राहुल पचौरी प्रदेश कार्यकारिणी विशेष आमंत्रित सदस्य, कक्षा शर्मा मंडल अध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह तोमर ग्रामीण अध्यक्ष, जिला महामंत्री भीरज पचौरी, कार्यक्रम प्रभारी शिवराज सिंह तोमर,बंटू तोमर तोर, संतोष राठौर, मनीष राठौर, मुकेश कटारे, मयंक गुप्ता, चिंटू शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

सीता का चरित्र नारी के हर रूप में प्रेरणादायीः भावना

-सीता नवमी पर अभ्युदय आश्रम में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

मुरैना। विहिप के आयाम मातृशक्ति ने सीता नवमी पर अभ्युदय आश्रम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान मातृशक्ति की पदाधिकारियों ने आश्रम में रहने वाली बालिकाओं को माता सीता के चारित्रिक गुणों के बारे में जानकारी दी और उनके जीवन से सकारात्मक प्रेरणा लेने की बात कही।

कार्यक्रम में मातृशक्ति की जिला संयोजिका भावना जैन ने कहा कि सीता माता का जीवन दर्शन यह सीख देता हैं कि एक सच्ची पतिव्रता स्त्री कभी अपने चरित्र और स्वाभिमान पर लांछन नहीं लगने देती है। एक राजा के घर पली बडी कन्या, एक चक्रवर्ती राजा की बेटी, एक शूरवीर राजकुमार की पत्नी, जो हमेशा अपने स्वामी के पीछे-पीछे चलती हैं। जब अज्ञानी समाज में सीता पर मिथ्या आरोप लगाया तो अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए जंगल में चली गई, जहाँ खुद के लिए धान पीसती हैं, चक्की चलाती हैं, वन से लकडियाँ काटकर लाती हैं और अपने वीर पुत्रों को स्वावलंबी बनने की शिक्षा देती हैं। इसके बाद जब एक बार फिर समाज ने चरित्र प्रमाण माँगा तो माता सीता धरती में समा गयी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की व माता जानकी सीताजी का चरित्र सबसे उत्तम और आदर्श माना जाता हैं। वाल्मीकि रामायण के अनुसार माता सीता ने जब से दांपत्य जीवन में प्रवेश किया तब से लकेर अंतिम समय तक संघर्ष ही करना पड़ा, लेकिन हर परिस्थिति में उनहोंने पतिव्रत धर्म का पालक करते हुए पूरे परिवार को भी माला के मोतियों की भांती एक सूत्र में पिरोये रखा। एक श्रेष्ठ पत्नी, एक उत्तम बहू, प्रजाजनों के लिए मातृ तुल्य महारानी और एक ऐसी मां जिसने विपरीत परिस्थियों में अपनी संतानों को महान संस्कारित वीर योद्धा बनाया, ऐसे उदाहरण संसार में बहुत कम ही देखने को मिलते है। मातृशक्ति की सह संयोजिका सरिता गोयल ने कहा कि माता सीता की भांति ही प्रत्येक स्त्री में ऐसे कई श्रेष्ठ गुण होते हैं जो पुरुष को भी अपना चाहिए। प्रेम, सेवा, उदारता, समर्पण और क्षमा की भावना स्त्रियों में ऐसे गुण हैं, जो उन्हें देवी के समान सम्मान और गौरव प्रदान करते हैं।

सवाल पूछे और गिफ्ट दिए, फल भी बांटे

कार्यक्रम के दौरान जिला संयोजिका भावना जैन ने आश्रम की बालिकाओं से सीताजी के जीवन से जुड़े सवाल भी पूछे और सवालों का सटीक जवाब देने वाली बालिकाओं को उन्होंने उपहार प्रदान किये। कार्यक्रम के अंत में मातृशक्ति की पदाधिकारियों व सदस्यों ने आश्रम में रहने वाले बालक-बालिकाओं को फल एवं बिस्किट का वितरण किया।

नेशनल लोक अदालत 14 मई को आयोजित की जाएंगी

संपत्ति कर के पचास हजार से ऊपर तक बकायेदारों को अधिभार में मिलेगी 100 % छूट

मुरैना। नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 14 मई 2022 को शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में किया जा रहा है। जिसमें संपत्ति कर जलकर उपभोक्ताओं पर बकाया राशि पर अधिभार में छूट प्रदान की जाएगी। संपत्ति कर के प्रकरण में राशि 50 हजार से अधिक होने पर उपभोक्ताओं को 100% अधिभार में छूट दी जाएगी, पचास हजार से एक लाख तक बकाया होने पर अधिभार में 50% की छूट दी जाएगी। संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि एक लाख से अधिक बकाया होने पर 25% की छूट अधिभार दी जाएगी। जल कर उपभोक्ता प्रभाव जल कर के ऐसे प्रकरण जिनमें करता तथा अधिभार की राशि 10 हजार तक बकाया होने पर अधिभार में 100% तक की छूट जल उपभोक्ता प्रभार जलकर कैसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार से अधिक तथा 50 हजार बकाया होने पर अधिभार में 75% की छूट दी जाएगी। जल उपभोक्ता प्रभार जलकर के ऐसे प्रकरण में कर तथा अधिभार की राशि पचास हजार से अधिक बकाया होने पर है। उन्हें मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। संपत्ति कर प्रभारी सोनाली नरेडा ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल लोक अदालत के दौरान जल कर संपत्ति कर में अधिभार में विशेष छूट दी जाएगी। अतः शहर के नागरिकों से अपील है कि नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक बकाया राशि जमा कर अधिभार में छूट का लाभ उठाएं।



गहराने लगा है बिजली का संकट, अघोषित कटौती ने जनता को किया हलाकान

-रात-दिन की भीषण गर्मी में बिजली कटौती से मचा हा-हाकार

मुरैना। पिछले कुछ समय से देश व प्रदेश के साथ-साथ मुरैना जिले में बिजली संकट गहराने लगा है और विद्युत विभाग के द्वारा घोषित एवं अघोषित कटौती करते हुए आम जनता का सुख-चैन छीन लिया है। एक ओर विद्युत विभाग आम जनता पर बिजली बिलों को भरने का दवाव बना रहे हैं तो वहीं आंकलित खपत के बिल थमाये जा रहे हैं। विद्युत विभाग की वसूली की जांच करायी जाए तो इसमें बडा झोल सामने आयेगा। बहरहाल हम यहां मुरैना मुख्यालय एवं तहसीलों में विद्युत की घोषित एवं अघोषित कटौती की बात कर रहे हैं। पिछले कुछ समय जब से गर्मी चरम पर पहुंची है, तब से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्थ हो गई है। दिन एवं रात में कई-कई घण्टों के लिए बिजली गुल कर दी जाती है, जिससे इस भीषण गर्मी में बच्चें, बूढे व महिलायें बीमारी का शिकार होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। विद्युत विभाग द्वारा 4 से 6 घण्टे की कटौती मेंटीनेंस के नाम पर जब की जाती है, तो उसका नोटिस समाचार पत्रों में न्यूज प्रकाशित कराकर आम जनता को अवगत करा दिया जाता है लेकिन 24 घण्टे में कुछ घण्टे ऐसे भी हैं जिनमें एक दो घण्टे के लिए बिना सूचना के बिजली कटौती कर दी जाती है। विद्युत विभाग की मनमानी का आलम यह है कि अघोषित कटौती की शिकायत करने जब उपभोक्ता विद्युत मुख्यालय पहुंचते हैं तो वहां कोई धनी-धोरी नहीं मिलता और कॉन्टेक्ट नम्बर भी उपलब्ध नहीं हो पाता, ऐसे में लोगों को भीषण गर्मी में बिना बिजली के दिन-रात परेशान होना पड रहा है। लाईट के अभाव एवं भीषण गर्मी के चलते आमजन बीमारियों का शिकार होकर अस्पतालों में पहुंच रहे हैं और जिला अस्पताल की स्थिति यह है कि मरीजों के लिए पलंग तक उपलब्ध नहीं है और गैलरियों में उनका इलाज चल रहा है।

शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और साहित्यिक नवोदित प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

अम्बाह। ब्राइट कैरियर एकेडमी, अम्बाह में शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और साहित्यिक नवोदित प्रतिभाओं का सम्मान कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रतिभा संपन्न युवा मोटीवेटर और रचनाकार भावुक शर्मा अलीगढ़ उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ प्रगति शर्मा ने की व कार्यक्रम संयोजक डॉ सुधीर आचार्य भी मंचासीन रहे।

मां सरस्वती के पूजन अर्चना वंदना से प्रारंभ हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भावुक शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिनकी नींव मजबूत होती है, उनका भविष्य उतना ही सुनहरा होता है। विद्यार्थियों के लिए माध्यमिक और हाई स्कूल इंटर की शिक्षा उसकी आधारशिला है। ब्राइट कैरियर एकेडमी में इन नन्हें- मुन्नें बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनके अंदर छुपी विभिन्न रचनात्मक और सृजनात्मकता को उभारने के लिए अनेक गतिविधियां, प्रतियोगिताएं और अन्य आयोजन होते हैं। इन विद्यार्थियों की प्रतिभा को देखकर कहा जा सकता है कि अंचल में अनेक देदीप्यमान प्रतिभाएं हैं इन्हें उभारने और निखारने के लिए ब्राइट केरियर एकेडमी परिवार की सराहना की जानी चाहिए। यहां शिक्षा, संस्कृति, संस्कार, आत्मानुशासन और देशप्रेम का अद्भुत संगम दिखाई देता है। विद्यार्थियों में अपने विषय बोध के साथ, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, सामाजिक कुरीतियों पर कार्य करने की ललक बताती है कि उनके अंदर एक उज्जवल भारत अंगड़ाइयां ले रहा है। इससे पूर्व संयोजक डॉ सुधीर आचार्य ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एक सैकड़ा से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ प्रगति शर्मा ने युवाओं के लिए भविष्य की संभावनाओं और योजनाओं से अवगत कराया।

अभी गर्मीयो में 25 से 30त्न तक घटाएं अपना बिजली बिल जाने कुछ आसान टिप्स...अम्बाह डीई अभय प्रताप चौपडा

केशब पंडित जी पत्रकार अम्बाह...

अम्बाह... नवागत बिधुत उपमहा प्रबंधक अभय प्रताप चौपडा ने खास मुलाकात में बताया कि गर्मियो मे अधिक बिल व बिजली कैसे बचाई जाये इस बारे मे कुछ टिप्स बताये श्री चौपडा ने कहा कि आसान उपायों पर अमल करके आप अपना बिजली बिल 25 से 30 फीसदी तक कम कर सकते हैं.

जिसे अपनाने से आपके बिजली का बिल 20 से 30 फीसदी तक कम हो सकता है.

मई जून का महीना शुरू होने बाला है और दिन का तापमान अब बढ़ने लगा है. आने वाले दिनों में गर्मी तेजी से बढ़ने का अनुमान है. गर्मी बढ़ने का सीधा मतलब है कि पंखे, एसी और फ्रिज जैसे ज्यादा बिजली खपत करने वाले उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ जाएगा. आम तौर पर ठंड की तुलना में गर्मियों के मौसम में बिजली का बिल बढ़कर 2 से 3 गुना तक ज्यादा हो जाता है. गर्मियों में बिजली के बिल को लेकर ज्यादातर लोग परेशान रहते हैं. अगर आप इस बढ़े हुए बिजली के बिल को कुछ कम करना चाहते हैं, तो अभी से कुछ उपाय सोच सकते हैं, जिसे अपनाने से आपके बिजली का बिल 20 से 30 फीसदी तक कम हो सकता है... आप हमेशा मीटर से ही बिजली का उपयोग करे जिससे आपके ध्यान मे ज्यादा बिजली खपत की चिन्ता रहैगी बिजली और बिजली का इस्तेमाल आबश्कता अनुसार करोगे बिल भी कम आयेगा और बिजली भी बचैगी गर्मियों में घर हो या दफ्तर एयर कंडीशनर चलाने में बिजली का खर्च सबसे ज्यादा होता है. अगर इसे सही तरीके से मैनेज कर लिया जाए तो अच्छी बचत हो सकती है.

एसी चलाने से पहले उसकी सर्विसिंग जरूर करा लें और फिल्टर को अच्छे से साफ कर दें या बदलवा दें.

- अगर घर में 7 या 8 साल पुराना एसी है तो इसे बदल दें.
- इनवर्टर बेस्ड एसी बिजली का बिल बचाने के लिए कारगर उपाय है.
- BEE 5 स्टार रेटिंग वाले एसी का इस्तेमाल करें.
- ऑफ टाइमर का इस्तेमाल करें. इसे सुबह सो कर उठने के 1 घंटे पहले का समय सेट कर सकते हैं.

एसी पर बचा सकते हैं 1500 रुपये- अगर आपने घर में 1.5 टन का एसी लगा

रखा है और रोज औसतन 8 घंटे इसे चलाते हैं तो नॉर्मल एसी करीब 9 यूनिट से ज्यादा बिजली की खपत करता है वहीं अगर 5 स्टार रेटिंग का एसी हो तो यह लगभग 7 यूनिट की खपत करेगा. यानी रोज 2 यूनिट बिजली की बचत. अगर आप 4 महीने रोज 8 घंटे एसी चलाते हैं तो 240 यूनिट की बचत होगी. अगर 6.25 रुपए प्रति यूनिट के ही हिसाब से इसे जोड़ा जाए तो 1500 रुपए सालाना बचत हो सकती है।

लाइट जलाने का खर्च ऐसे करें आधा

गर्मी शुरू होने से पहले घर के पुराने बल्?ब और ट्यूब लाइट की जगह सीएफएल या LED लगा लें. 5 वॉट का LED 20 वॉट के सीएफएल के बराबर रोशनी देता है. इसी तरह से 18 वॉट के सीएफएल की रोशनी 40 वॉट के ट्यूबलाइट के बराबर हो सकती है. यानी इन उपायों से आपके लाइट जलाने का खर्च आधा हो सकता है.

पंखा चलाइए लेकिन बचत के साथ

लाइट तो सिफ रात में जलाते हैं लेकिन गर्मियों में पूरे दिन पंखा चलाना पड़ता है. इससे बिजली के बिल पर बड़ा असर होता है. एक नॉर्मल पंखा 75 वॉट प्रति घंटे खपत करता है. अगर औसतन 8 घंटे रोज पंखा चलाएं तो एक पंखे का खर्च 1000 रुपये सालाना के करीब हो सकता है.

- अगर BEE-रेटेड पंखा इस्तेमाल करें तो यह खर्च 700 से 750 रुपये के बीच होगा.
- सुपर एफिसिएंट पंखा हो तो यह खर्च 500 रुपये के करीब होगा.

सही फ्रिज रखें तो होगी इतनी बचत

कुल बिजली के खपत का करीब 15 फीसदी अकेले फ्रिज में खपत होता है. यह ज्यादातर घरों में हर समय ऑन रहता है. आप अपने फ्रिज को पावर एफिसिएंट बना सकते हैं.

सबसे पहले तो इसकी प्लेसिंग सही होनी चाहिए और दीवार और फ्रिज के बीच में 2 इंच का गैप रखें. एयर सर्कुलेशन की वजह से इसे फंक्शन के लिए कुछ कम पावर की जरूरत होती है.

अगर फ्रिज बदलने की सोच रहे हैं तो BEE-रेटेड फ्रिज लें.

सालाना बचत- पुराना 260 लीटर का फ्रिज रोज करीब 3.5 यूनिट बिजली खपत कर सकता है, जबकि इसी साइज का BEE 5 स्टेटार रेटिंग वाले फ्रिज पर रोज 2 यूनिट बिजली की खपत होगी. यानी फ्रिज बदल कर हर साल 540 यूनिट बिजली की खपत कम की जा सकती है. यानी सालाना 3000 रुपये बचा सकते हैं.

कूलर सही हो तो बच सकती है बिजली

इनवर्टर टेक्नोलॉजी पर आधारित अच्छी कंपनी का कूलर खरीदें. यह बाजार में सामान्य मिलने वाले कूलरों की तुलना में 50 फीसदी बिजली की कम खपत करेगा. जहां सामान्?य 200 वॉट की मोटर वाले कूलर रोज 12 घंटे चलाया जाए तो महीने भर में करीब 100 यूनिट बिजली की खपत करता है. लेकिन अगर इसकी जगह आधुनिक तकनीक का कूलर इस्?तेमाल हो तो मंथली करीब 60 यूनिट ही खपत होगा इन छोटी छोटी बातो पर हम ध्यान देगे तो बिजली बचेगी व बिल में बचत होगी इसे जरूर अपनाये।

सक्षम दिव्य प्रिय वेलफेयर सोसायटी ने कराया एक जोड़ का विवाह संपन्न

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर-सक्षम दिव्य प्रिय वेलफेयर सोसायटी द्वारा द्वितीय सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया।सामूहिक विवाह सम्मेलन में एक

जोड़े का विवाह संपन्न किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अग्रकुल महिला समिति की संस्थापक अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समय समय पर होते रहना चाहिए। जिससे जो लोग आर्थिक रूप से सम्पन्न नहीं होते उन्हें अपने बच्चों का विवाह करने के लिए एक सशक्त माध्यम मिल जाता %है और वो अपने सपनों को पूरा कर लेते हैं। कार्यक्रम की आयोजिका रेणु राणा द्वारा वर वधु को गृहस्थी का आवश्यक उपहार भेंट कर कन्यादान लिया गया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष मुन्नी राणा द्वारा अपील करते हुये कहा कि दहेज रूपी दानव को नष्ट करने के लिए सम्मेलन एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ता वीरेंद्र शाक्य, बबलू पाराशर, प्रियांशी राणा, सक्षम राणा, पप्पू आदि ने तन मन धन से सहयोग किया।

सफाई कर्मचारियो के वेतन कटौती का मामला क्लेक्टर कार्यालय पंहुचा

पुष्पांजली टुडे

खरगोन । शहर में कर्फ्यू के चलते काम पर नही जा पाए जिला अस्पताल के सफाई कर्मचारियो के वेतन कटौती का मामला क्लेक्टर कार्यालय पहुच गया है। कर्मचारियों ने कर्फ्यू के कारण काम पर नही जा पाने का हवाला देते हुए वेतन कटौती पर रोक की मांग की। भारतीय विकास परिषद चिकित्सा परकोशऽ के बैनर तले कलेक्टरेट पहुचे कर्मचारियों ने बताया 11 से 20 अप्रैल तक कर्फ्यू के कारण पुलिस का सख्त पहरा था, घर से निकलने नही दिया जा रहा था। 14 अप्रैल को कुछ कर्मचारी पास लेकर घर से निकले लेकिन पुलिस ने उन पासो को नकार दिया और पिटाई कर वापस घर भेज दिया। ठेकेदार द्वारा उन्हें कर्फ्यू अवधि में अस्पताल तक पहुचने की कोई व्यवस्था नही थे, ऐसे हालत में वे काम पर नही आ सके। प्रसासनिक पाबंदियों को श्यान में रखते हुये उनके वेतन में किसी तरह की कटौती न कि जाय। पूरे माह का वेतन दे।

सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी होगें प्रभारी निगमायुक्त

ग्वालियर। यूरोपियन यूनियन द्वारा प्रायोजित इंटरनेशनल अर्बन एंण्ड रीजनल कोआपरेशन द्वारा वर्ष 2022 में प्लान की गई गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर अध्ययन हेतु नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल को 14 मई 2022 से दिनांक 19 मई 2022 तक शासकीय कार्य से विदेश भ्रमण एवं 23 मई तक अवकाश पर रहने के दौरान नगर निगम आयुक्त ग्वालियर का प्रभार सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी पर रहेगा। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सैना द्वारा जारी आदेशानुसार यूरोपियन यूनियन द्वारा प्रायोजित इंटरनेशनल अर्बन एंण्ड रीजनल कोआपरेशन द्वारा वर्ष 2022 में प्लान की गई गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर अध्ययन हेतु नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल को 14 मई 2022 से दिनांक 19 मई 2022 तक शासकीय कार्य से विदेश भ्रमण पर रहना है। इसके पश्चात दिनांक 20 मई 2022 से दिनांक 23 मई 2022 तक का अर्जित अवकाश सामान्य प्रशासन विभाग मप्र शासन द्वारा स्वीकृत किया गया है।

बेलदार का पुरा में अवैध कॉलोनी पर चला निगम का बुलडोजर

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर एवं जिला प्रशासन द्वारा शहर में विकसित की जा रहीं अवैध कॉलोनियों पर निरंतर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही संबंधित कॉलोनाइजर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया जा रहा है। कॉलोनाइजरों द्वारा बिना टीएनसीपी एवं नगर निगम की अनुमति के बिना कॉलोनियों में विकास कार्य किए जाकर नई कॉलोनी विकसित की जा रही थी। जिन पर कार्रवाई करते हुए निगम अमले ने कॉलोनी में किए जा रहे विकास कार्यों को हटवाया तथा पक्के निर्माण को तोड़ा गया। इसके साथ ही कॉलोनी में बने मकानों को लेकर 80 हजार का जुर्माना लगाया गया। भवन निरीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी श्री यशवंत मैकले ने जानकारी देते हुए बताया गया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर की अवैध कॉलोनियों पर चलाए जा रहे अभियान के तहत दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत समाधिया कॉलोनी बेलदार का पुरा क्षेत्र में कार्रवाई कर कॉलोनी की सड़क, विद्युत पोल, सीवर चौंबर, बाउंड्री वॉल ,भूखंडों की नींव हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के तहत क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 17 के अंतर्गत वार्ड 49 स्थित समाधिया कॉलोनी बेलदार का पुरा, ग्राम कोटा लश्कर क्षेत्र के सर्वे क्रमांक 1919, 1924, 1925, 1926,1927,1944,1947 / मिन-1, 1947 मिन 2 का भाग रकवा 0.455 हैक्टेयर भूमि पर श्री मानसिंह पुत्र श्री गौतम कुशवाह, श्रीमती रम्मो, हीरोबाई, भाग्गो बाई पुत्री श्री धन सिंह, नंद किशोर, लाालसिंह पुत्र बालकिशन, नवीनजीत पुत्र मानसिंह, सीमा, बेबा, मानसिंह, सुनीता पुत्री मानसहिं कुशवाह आदि के द्वारा अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। जिसे जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई में तोडा गया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम श्री अनिल बनवारिया, तहसीलदार श्रीमती शारदा पाठक, सहायक सिटी प्लानर श्री सुरेश अहिरवार, भवन अधिकारी श्री पवन शर्मा, मदाखलत अधिकारी श्री सतेन्द्र सिंह भदौरिया, निगम पटवारी श्री सतेन्द्र श्रीवास्तव एवं मदाखलत गैंग तथा संबंधित थाना प्रभारी एवं पुलिस बल उपस्थित रहे।

टीवी सुरेश शर्मा ने पकड़ी 28 हजार रुपये की देशी शराब

दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर

मेहगांव - गोरमी थाना पुलिस की शराब पर फिर एक और कार्यवाही के अंतर्गत गोरमी पुलिस ने पकडी अवैध देशी प्लेन शराब की 08 पेटी कीमती

28,000 रू 0 पुलिस अधीक्षक महोदय शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये थे । इसी तारतम्य में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय कमलेश कुमार खरपुसे तथा श्रीमान एसडीओपी महोदय मेहगाव आर के एस राठौर अनुभाग मेहगांव के मार्गदर्शन मे गोरमी थाना प्रभारी सुरेश चंद शर्मा को आज दिनांक 11/05/22 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम अकलोनी गोरमी का

राजू पुत्र महेश सिंह भदौरिया उम्र 28 साल नि 0 ग्राम अकलोनी थाना गोरमी अपने लकड़ी के ठेला (दुकान) पर अवैध रूप से शराब रखे हुये है उक्त सूचना पर से आरोपी के कब्जे से उसकी दुकान से 08 पेटी देशी प्लेन शराब जप्त की कीमत 28,000 रू 0 की जप्त की गई । आरोपी के विरूद्ध अप 0 क्र 0 125/22 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का कायम किया गया । इनकी रही भूमिका- निरी 0 सुरेश शर्मा चंद शर्मा, उनि 0 वैभव तोमर , कार्य 0 प्रआर 0 1076 जितेन्द्र सिंह , कार्य प्रआर 0 1007 कौशलेन्द्र सिंहं आर 0 752 शिवकुमार , आर 0 319 सौरभ शर्मा की अहम भूमिका रही

श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस सुदामा चरित्र का वर्णन सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

जिसने भगवान को पा लिया हो उसे धन की कोई जरूरत नहीं- आचार्य अवस्थी

उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। ग्राम खड़ौत में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा का रसपान करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा, श्री श्री 108 सुंदरदास जी महाराज गुरुदेव के आशीर्वाद से परीक्षत अवधेश कटारे और आयोजक श्याम सुंदर कटारे के आयोजन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा समापन पर अंतरराष्ट्रीय कथावाचक व समाजसुधारक आचार्य मनोज अवस्थी जी महाराज ने सुदामा चरित्र और पारीक्षत मोक्ष की कथा का बहुत ही सुंदर वर्णन किया। उन्होंने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सुदामा संसार में सबसे अनोखे भक्त रहे हैं, उनसे बड़ा धनवान कोई नहीं था क्योंकि उनके पास भगवान की भक्ति का धन था और जिसके मित्र साक्षात भगवान हों वो गरीब कैसे हो सकता है? उन्होंने अपने सुख व दुखों को भगवान की इच्छा पर सौंप दिया था। श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। उन्होंने कहा कि जब सुदामा भगवान श्रीकृष्ण ने

मिलने आए तो उन्होंने सुदामा के फटे कपड़े नहीं देखे, बल्कि मित्र की भावनाओं को देखा। मनुष्य को अपना कर्म नहीं भूलना चाहिए, अगर सच्चा मित्र है तो श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होना चाहिए। जीवन में मनुष्य को श्रीकृष्ण की तरह अपनी मित्रता निभानी चाहिए। आचार्य श्री ने बताया श्रीमद्भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है वहीं कथा कराने वाले भी पुण्य के भागी हिट हैं। अंतिम दिन कथावाचक द्वारा श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णता प्रदान करते हुये विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने सात दिनों की कथा का सारांश बताते हुए कहा कि जीवन कई योनियों के बाद मिलता है इसे कैसे जीना चाहिए पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं को समझाया। अंत में कृष्ण के दिव्य लोक पहुंचने का वर्णन किया और बाहर से आये अतिथियों ने महाराज का सम्मान किया ततपश्चात महाआरती के बाद भोग वितरण किया गया।

सुदामा भगवान के सच्चे भक्त थे

आचार्य श्री ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सुदामा गरीब नहीं थे उनसे बड़ा अमीर कोई नहीं था क्योंकि उनके पास भगवान भक्ति की सबसे बड़ी दौलत थी और जिसका मित्र स्वयं भगवान थे वो गरीब कैसे हुआ? सुदामा ने संसार में कभी भीख नहीं मांगी और कुछ कथाव्यास सुदामा को भिखारी वेश बनाकर कथा पंडाल में घुमाते हैं मेरा उनसे निवेदन है कि कोई भी व्यास चंद पैसों के लिए सुदामा को भिखारी बनाकर कथा पंडाल में न घुमाये करना ही है तो उनके त्याग और उनकी भक्ति का वर्णन करें।

श्री परशुराम सर्व ब्राहाण संघ के पदाधिकारियों ने भेंट की भगवान परशुराम की तस्वीर

श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ के युवा प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज पाण्डेय और प्रदेश सचिव अवधेश शर्मा ने खड़ौत में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक एवं समाजसुधारक मनोज अवस्थी जी महाराज और गुरुदेव श्री श्री 108 सुंदरदास जी महाराज चित्रकूट धाम को पुष्पहार और अचला ओढ़ाकर भगवान परशुराम की तस्वीर भेंट कर आशीर्वाद लिया।

लेडी जैसी शार्क शाखा द्वारा वॉकथन एक कदम उम्मीद की ओर का आयोजन

पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा

बेंगलूर ः-जेसीआई बेंगलुरु गार्डन सिटी के लेडी जैसी शार्क शाखा द्वारा वॉकथन ÷एक कदम उम्मीद की ओर÷मदर्स डे के उपलक्ष मैं सेंट जोसेफ इंडियन इंस्टीट्यूशन विट्ठल माल्या रोड मैं 8 मई 2022 को पूरे उत्साह के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम में 1300 सहभागी शामिल थे। इस कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य यह है कि स्तन कैंसर के बारे में महिलाओं तथा पुरुषों को जागरूक,सतर्क और जल्दी पहचान इस रोग के बारे में करवा सकें ।इस कार्यक्रम के शीर्षक प्रायोजक ग्रीन शेफ अपलाईंस के विकासजी जैन, सह प्रायोजक माइक्रो लेब के दिलीप सुराणा, जर्सी प्रायोजक आर. वी. फाउंडेशन के राहुल विनायकीया, स्वस्थ साथी आशु फाउंडेशन के डॉक्टर आशु , तथा भोजन के प्रायोजक रचना इलेक्ट्रिकल्स के जेसी गौतम पुनमीया ने इस कार्यकम को सफल बनाने के लिए सहयोग दिया।इस कार्यक्रम का नेतृत्व जेसी आई के अध्यक्ष जेसी अभिषेक जैन, तात्कालिक पुर्व अध्यक्ष हेच. जी एफ .मितेश लुणीय, लेडी जेसी शार्क की अध्यक्ष जेसी तरुण मेहता, सचिव जेसी दिव्या पूणमिया,कार्य संचालक जेसी पायल नरेश जैन, जेसी सपना चोपरा, कार्य निर्देशक सारीका मेहता और जेसी सोनल डोशी की देख रेख में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

दुनिया के पहले पत्रकार देवर्षि नारद की जयंती पर मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास द्वारा पत्रकार सम्मान व विमर्श का आयोजन 15 मई को

ग्वालियर। तीनों लोक में भ्रमण कर जन कल्याणकारी समाचारों का संचार करने वाले आदि पत्रकार देवर्षि नारद की जयंती पर मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास ग्वालियर द्वारा पत्रकार सम्मान व विमर्श का आयोजन 15 मई को किया जाएगा। देवर्षि नारद जयंती पर पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रति वर्ष आयोजित किया जाने वाला यह प्रतिष्ठित व गरिमामय आयोजन इस वर्ष भी भव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रविवार 15 मई को दोपहर 2 बजे से जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम में वर्तमान वैचारिक षड्यंत्र और चुनौतियों में पत्रकारिता की भूमिका विषय पर विद्वान वक्ता श्री लाजपत आहूजा वरिष्ठ लेखक चिंतक व सेवानिवृत्त संचालक जनसंपर्क मध्यप्रदेश शासन का सम्बोधन होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सुशील मडेरिया कुलसचिव जीवाजी विश्वविद्यालय उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता श्री दीपक सचेती अध्यक्ष मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में पत्रकारिता के विविध आयामो पर आधारित सात श्रेणियों में उत्कृष्ट व लोक कल्याणकारी पत्रकारिता में विशिष्ट स्थान रखने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। जिन सात श्रेणियों से पत्रकारों को सम्मानित किया जा रहा है उनमें प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया डिजिटल न्यूज पोर्टल,छायाकार,वीडियो ग्राफर,नागरिक पत्रकार,महिला पत्रकार तथा विशेष श्रेणी में समाजसेवा को शामिल किया गया है। समानित किए जाने वाले पत्रकारों के चयन हेतु वरिष्ठ पत्रकारों की चयन समिति का गठन किया गया है जिसके द्वारा तय मापदंडों के आधार पर सम्मानित किए जाने वाले पत्रकारों की चयन प्रक्रिया का कार्य किया जा रहा है। मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास ने विविध विधाओं से जुड़े पत्रकारों, लेखकों आदि से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह जिया है।

विधानसभा चुनाव 2023 की तैयारियां तेज

दलित बस्तियों में रात बिताएंगे मंत्री,साथ करेंगे भोजन

इंदौर। प्रदेश में अगले साल 2023 में विधानसभा चुनाव होना है. इसको लेकर भाजपा और कांग्रेस समेत तमाम राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है. प्रदेश में शासित भारतीय जनता पार्टी ने अब अपने मंत्रियों को भी मैदान में उतारने का फैसला लिया है. अब भाजपा सरकार के मंत्री दलित बस्तियों में जाकर चौपाल लगाएंगे. साथ ही दलित बस्तियों में रात बिताएंगे और साथ ही में खाना भी खाएंगे. बता दें कि मध्यप्रदेश में एससी ङ्क एसटी के 40 फीसदी वोटरों पर सरकार की नजर है. माना जा रहा है कि सरकार ने इन वोटों की लामबंदी की तैयारी शुरू हो गई है।

गौरतलब है कि मप्र में एससी और एसटी वोटरों को सत्ता की चाभी माना जाता रहा है. दोनों वर्गों के लिए प्रदेश की 82 विधानसभा सीटें आरक्षित हैं. इनके वोटरों की बात की जाए तो इनकी संख्या 40 फीसदी है. ऐसे में जिस दल को इन वर्गों का साथ मिलता है, उसका सत्ता तक पहुंचने का रास्ता आसान हो जाता है. पिछले 2018 विधानसभा चुनावों में इन दलों ने कांग्रेस का साथ निभाया था. आदिवासी क्षेत्रों की अधिकतर सीटों पर कांग्रेस को जीत मिली थी. वहीं अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों पर कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया था।

सरकार ने इन वोटर्स को साधने के लिए अपने मंत्रियों को मैदान में उतार रही है. इसकी शुरुआत इंदौर से की जा रही है. राज्य के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट दलित बस्तियों में सभी विभाग के अधिकारियों के साथ जाकर चौपाल लगाएंगे. साथ ही लोगों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण भी करेंगे. उनका विश्वास जीतने के लिए मंत्री उनके साथ भोजन भी करेंगे।

वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस भी अपने दलित चेहरों को आगे रखकर दलित वोट बैंक को सहेजने में जुटी हुई है. कांग्रेस का दावा है कि बीजेपी दलित पिछड़ा आदिवासी और माइनॉरिटी की विरोधी है. कांग्रेस अनुसूचित जाति वर्ग और आदिवासी वर्ग के साथ साथ पिछड़े वर्ग के लोगों के बीच जन जागरण चलाकर बीजेपी और संघ के खिलाफ माहौल बनाने की बात कह रही है।

230 विधानसभा सीटों में 82 आरक्षित

मप्र में कुल 230 विधानसभा सीटें हैं. इनमें से 82 सीटें एससी-एसटी वर्ग के लिए आरक्षित हैं. 35 सीट अनुसूचित जाति और 47 अनुसूचित जनजाति के लिए रिजर्व रखी गई हैं. इसके अलावा सामान्य वर्ग की 41 सीटें ऐसी है, जहां एससी एसटी वोटर निर्णायक है. 2018 के विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जनजाति वर्ग की 47 में 31 सीटें कांग्रेस ने जीती थी वहीं भाजपा को सिर्फ 16 सीटें मिली थी. 35 अनुसूचित जाति वर्ग की 17 सीटों पर कांग्रेस और 18 सीटों पर बीजेपी को जीत मिली थी. हालांकि उपचुनाव के बाद समीकरण बदले और बीजेपी सरकार में आ गई. लेकिन बीजेपी 2023 के चुनाव अब इन्ही सीटों पर फोकस कर रही है. यही वजह कि अब एससी-एसटी वर्ग के मंत्रियों की ड्यूटी इन वोटर्स की लामबंदी के लिए लगाई गई है।

गोहद मौ मार्ग पर डंपर ने मारी दो बाईकों में टक्कर

एक युवक की मौत तीन घायल

मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे

गोहद थाना क्षेत्र अंतर्गत चितौरा के पास अतरौली से ग्वालियर जा रहे एवं सौरा मौ से खरौआ आरहे बाइक सवारों में डंपर की टक्कर लगने से एक युवक की मौत हो गई वहीं एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकित शर्मा पुत्र नाथूराम शर्मा उम्र लगभग 23 वर्ष एवं रवि शर्मा पुत्र रामसिया शर्मा 30 वर्ष निवासीगण कतरोल थाना मौ प्लेटीना बाइक से ग्वालियर जा रहे थे वहीं दूसरी बाइक पर विमला पत्नी द्वारिका सिंह गुर्जर 60 वर्ष और गिर्राज पुत्र द्वारिका सिंह गुर्जर 24 वर्ष सौरा मौ से खरौआ जा रहे थे तभी चितोरा गांव नवोत्थान स्कूल के पास दोनों बाइकें आपस में भिड़ी उसी समय डंपर भी आगया जिससे गिर्राज गुर्जर की बाइक खंती की ओर चली गई और अंकित की बाइक रोड पर गिरी जहां डंपर के पहिए से अंकित का सिर कुचल गया रवि का हाथ कुचल गया वहीं विमला देवी को भी गंभीर चोट होने से रवि शर्मा और विमला देवी को ग्वालियर रैफर कर दिया गिर्राज का गोहद में इलाज जारी है घटना के समय लगभग सुबह 10 बजे जैसे ही पुलिस को सूचना मिली पुलिस ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया डंपर को जब्त करते हुए मामला दर्ज किया एवं मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया।

साइबर क्राइम पुलिस ने बंद कराई 1436 फर्जी सिम

भोपाल। राजधानी की साइबर क्राइम पुलिस ने 1436 फर्जी सिमे बंद करा दी है। इन सिमों को साइबर अपराधी हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे थे। इन फर्जी सिम को ब्लाक कराने के लिए पुलिस ने संबंधित टेलीकाम कंपनियों को पत्र लिख पुनः सत्यापन करने कहा था। पुनः सत्यापन में इनका नाम, पता गलत पाया गया। इसके बाद इन नंबरों को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। साइबर पुलिस ने यह कार्रवाई शिकायतकर्ता अनिल शर्मा के साथ हुई ठगी को देखते हुए की है। अनिल शर्मा ने बताया कि उनके पास दिसंबर 2021 को एक अनजान मोबाइल नंबर से काल आया। कालर ने बताया कि वह एसबीआई क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट से बोल रहा है। क्रेडिट कार्ड का प्रोटेक्शन प्लान बंद करने के नाम पर उसने उनके क्रेडिट कार्ड का नंबर और ओटीपी लेकर अनिल के साथ सवा लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। जालसाज ने जिस मोबाइल नंबर का उपयोग किया, वह करैरा जिला शिवपुरी से एक्टिवेट किया गया था।

अस्पतालों की ओपीडी में बढ़े उल्टी-दस्त और बुखार के मरीज

भोपाल।तापमान बढ़ने के साथ ही उल्टी-दस्त और बुखार के मरीज भी बढने लगे हैं। अस्पतालों में इन दिनों उल्टी-दस्त, बुखार और पेटदर्द के मरीज बढ रहे हैं। गर्मी का सबसे ज्यादा असर बच्चों में देखने को मिल रहा है। शहर के प्रमुख सरकारी और निजी अस्पतालों की ओपीडी में आने वाले मरीजों में करीब 40 प्रतिशत उल्टी-दस्त, बुखार और पेटदर्द वाले होते हैं। इनमें करीब 10 प्रतिशत को भर्ती कर ड्रिप भी चढ़ानी पड़ रही है। इसी तरह की दिक्कत बड़ों को भी हो रही है। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि दिन में तीन से चार लीटर पानी पीएं और खाली पेट बाहर नहीं निकलें। हमीदिया अस्पताल में शिशु रोग विभाग की प्राध्यापक डा. मंजूषा गोयल ने बताया कि ओपीडी में मरीजों की संख्या नहीं बढ़ी है, लेकिन जितने मरीज आ रहे हैं उनमें करीब 40 प्रतिशत गर्मी की वजह से होते हैं।

एनआइए कर रही सूफा और जेएमबी जैसे आतंकी संगठनों की जांच: मिश्रा

भोपाल। प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआइए) की ब्रांच मध्य प्रदेश में जल्द खुलने जा रही है। प्रदेश में एनआइए सूफा और जेएमबी जैसे आतंकी संगठनों की गतिविधियों की जांच कर रही है।

कांग्रेस पर साधा निशाना

पिछड़े वर्ग के हितों के लिए मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार कृत संकल्पित है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सुप्रीम कोर्ट के विषय को गंभीरतापूर्वक लेकर अपनी विदेश यात्रा स्थगित की है। उन्होंने कहा कि पिछड़ों को गले लगाकर पीठ में छुरा मारने का काम कांग्रेस शुरू से करती आई है। मध्य प्रदेश का पिछड़ा वर्ग कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं के पिछड़ा वर्ग विरोधी चरित्र को अच्छी तरह से जान और समझ चुका है। प्रदेश के युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के नाम पर धोखा देने वाली कांग्रेस आज युवाओं के भरोसे को खो चुकी है।

प्रदेश में 45 नए कोरोना केस

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 24 घंटों में प्रदेश में कोरोना संक्रमण के 45 नए केस आए हैं, वहीं 20 मरीज ठीक हुए हैं। वर्तमान में प्रदेश में कुल एक्टिव केस 219, संक्रमण दर 0.58 प्रतिशत और रिकवरी रेट 98.70 प्रतिशत है।

रुक जाना नहीं योजना के तहत 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं चार जून से

भोपाल। माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की दसवीं-बारहवीं में फेल विद्यार्थियों के लिए राज्य ओपन बोर्ड द्वारा रुक जाना नहीं योजना के तहत चार जून से परीक्षा आयोजित की जाएगी। राज्य ओपन बोर्ड ने इसके लिए समय सारिणी जारी कर दी है। दसवीं की परीक्षा चार जून से शुरू होकर 17 जून को समाप्त होगी, जबकि बारहवीं की परीक्षा सात जून से प्रारंभ होकर 27 जून को समाप्त होगी।

ऐसे करें आवेदन

मंडल की दसवीं-बारहवीं परीक्षा में फेल विद्यार्थी 15 मई तक एमपी आनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। गौरतलब है कि माशिमं के बीती 29 अप्रैल को जारी दसवीं-बारहवीं के परिणाम में करीब 4.75 लाख विद्यार्थी फेल हो गए थे। 10वीं में 3 लाख 55 हजार 371 परीक्षार्थी और 12वीं में एक लाख 19 हजार 851 परीक्षार्थी फेल हुए हैं। राज्य ओपन बोर्ड ने जारी की समय सारिणी। 10वीं व 12वीं के करीब 4.75 लाख फेल विद्यार्थी होंगे शामिल।

जबलपुर में मैथोडिस्ट चर्च इन इंडिया पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

जबलपुर। आर्थिक अपराध शाखा-ईओडब्ल्यू, की जांच में मैथोडिस्ट चर्च इन इंडिया द्वारा धोखेबाजी किए जाने का खुलासा हुआ है। दर्ज एफआइआर में आरोप है कि मैथोडिस्ट चर्च इन इंडिया द्वारा भू-भाटक की राशि डकारते हुए लीज डाक्यूमेंट का पंजीयन नहीं कराया गया। इस तरह से मैथोडिस्ट चर्च इन इण्डिया के पदाधिकारियों द्वारा न तो नजूल की भूमि के पट्टों का पंजीयन कराया गया और न ही भू-भाटक की राशि जमा कराई गई। भू-भाटक की राशि भी थोड़ी बहुत नहीं, बल्कि सात करोड़ बारठ लाख रुपये है। इस मामले में पांच लोगों के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।



ईओडब्ल्यू एसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ को प्राप्त शिकायत की जांच, निरीक्षक स्वर्णजीत सिंह धामी से कराई गई। शिकायत में नजूल के ब्लाक नं. 4 के प्लाट नंबर 5 व 8/1 सिविल स्टेशन की भूमि पर शासन की ड्यूटी की चोरी करने एवं भू-भाटक की राशि नहीं जमा करके शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप है। इसके अलावा शिकायत में अवैध तरीके से नजूल की भूमि पर निर्माण कार्य कर शासन को करोड़ों की आर्थिक क्षति पहुंचाने का भी आरोप हैं।

लीज नवीनीकरण के लिए दिया था आवेदन

शिकायत की जांच में पाया गया कि मैथोडिस्ट चर्च इन इंडिया के सेक्रेटरी ने वर्ष 2000 में ब्लाक नं-4 के प्लाट नं-5 के लीज नवीनीकरण के लिए आवेदन दिया गया था। इस भूमि का रकबा .9666 एकड़ रहा। इस आवेदन पर रांझी के तत्कालीन तहसीलदार ने भूमि का भू-भाटक जमा करने की स्थिति में नवीनीकरण किए जाने की अनुशंसा 8 दिसंबर 2004 को कर दी थी। इसके आधार पर कलेक्टर द्वारा 19 जनवरी 2005 को अपने आदेश में भू-भाटक जमा कराने के उपरांत लीज डाक्यूमेंट का पंजीयन कराने और लीज के नवीनीकरण के आदेश जारी कर दिए गए थे। इसी प्रकार ब्लाक नं-4 के ही प्लाट नं-8/1- जिसका रकबा 2.9838 एकड़ रहा- इसके भी लीज नवीनीकरण के लिए भी इसी तरह से पूरी प्रक्रिया अपनाई गई। इस पर भी कलेक्टर जबलपुर ने 13 दिसंबर 2004 को भू-भाटक की राशि जमा कर लीज नवीनीकरण के आदेश पारित किए थे। लेकिन मैथोडिस्ट चर्च इन इंडिया की ओर से इन दोनों आदेशों के बावजूद न तो भू-भाटक की राशि जमा कराई गई और न लीज का नवीनीकरण कराया गया।

कैंसर हॉस्पिटल परिसर में निगमायुक्त श्री कन्याल ने किया शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ

ग्वालियर। कैंसर हॉस्पिटल परिसर ग्वालियर में स्वर्गीय नाथूराम मुखिया एवं स्वर्गीय श्रीमती उमा शिवनारायण श्रीवास्तव शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा किया गया। निगमायुक्त श्री कन्याल ने इस अवसर पर कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे को शीतल जल पिलाने से बडा कोई पुण्य का कार्य नहीं हो सकता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि परिसर में साफ सफाई रखें और अपने आस पर हमेशा स्वच्छता रखकर शहर को साफ व स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर कैंसर हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉक्टर बी आर श्रीवास्तव, जॉन 12 के क्षेत्राधिकारी श्री अनिल श्रीवास्तव एवं श्री बृजेश योगी, श्री नवाज खान, श्री मोहित शर्मा, श्री बलवीर बघेल, श्री कपिल पांडे एवं कैंसर हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

गुना जिले में चर्चा का विषय बनीं राजसी शादी

हाथी पर सवार होकर दुल्हन लेने पहुंचा दूल्हा,नजारा देख दंग रह गए लोग

गुना। जिले के रुठियाई कस्बे में राघौगढ़ के पूर्व जनपद अध्यक्ष व वर्तमान जिला पंचायत सदस्य हनुमंत सिंह चौहान (ठिकाना दावतपुरा) की बेटी नलिनी सिंह की बारात राजशाही ठाठ से निकली। बारात की खास बात यह रही कि इसमें दूल्हा घोड़ी पर नहीं बल्कि हाथी चढ़कर दुल्हन के घर पहुंचा। रुठियाई कस्बे में हाथी पर बारात लेकर दुल्हन के घर जा रहे दूल्हे को देख आसपास की सड़कों पर लोगों की भीड़ भी उमड़ी।

दरअसल, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीसिंह दातवपुरा के जमींदार परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनकी बेटी नलिनी सिंह की शादी सारथल बारां (राजस्थान) के जमींदार परिवार के स्व. महेंद्र सिंह राठौड़ के पुत्र जयेंद्र सिंह राठौड़ से हो रही है। इसके लिए पिछले कई महीने से यहां तैयारियां की जा रही थीं। शादी की तय तारीख अनुसार सोमवार शाम को पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीसिंह की बेटी की बारात आई थी। यहां वीरेंद्र कुमार अग्रवाल के घर से दूल्हे को हाथी पर बैठाकर बारात निकाली गई और तय रास्ते से होकर बारात दुल्हन के दरवाजे तक पहुंची। यहां दूल्हे को दुल्हन के घर में प्रवेश कराने के लिए हाथी से उतारकर घोड़ी पर बैठाया गया। इसके बाद तोरण मारने समेत शादी की अन्य रस्में पूरी की गईं। शादी की तैयारियों को लेकर क्षेत्र में पहले से ही चर्चा रही। जब से बारात में दूल्हे को घोड़ी की बजाय हाथी पर बैठाकर ले जाने की बात सामने आई तभी से पूरे इलाके में यह चर्चा का विषय बन गई।

रुठियाई के साथ-साथ जिले के अन्य इलाकों में भी शादी समारोह को लेकर चर्चा हो रही है। शादी समारोह देखने के लिए आसपास के इलाकों के लोग पहुंचे। जिस रुट से बारात गुजरी, उसके दोनों तरफ इसे देखने के लिए लोग खड़े रहे। इसके अलावा राजस्थान का बैंड और डांसर भी आकर्षण का केंद्र रहीं। बैंड में करतब दिखाकर संचालन करते

मामा-चाचा कहकर पैर पड़ने और फिर उनको अपना शिकार बनाने वाले शातिर पर लगा एनएसए

जबलपुर। जिला दंडाधिकारी जबलपुर ने बेलबाग थाना क्षेत्र के कंजर मोहल्ला में रहने वाले शातिर अपराधी तत्व अरूण जाट के खिलाफ एनएसए लगा दिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर की गई। यह अपराधी तत्व शराब पीकर किसी भी अनजान व्यक्ति के गले पड़ जाता था। अरूण, लोगों को मामा-चाचा कहकर उनके पैर पड़ने और फिर उनको अपना शिकार बनाने में माहिर रहा। उसके विरूद्ध इस तरह के अनेक मामले पुलिस में दर्ज हैं। थाना प्रभारी बेलबाग प्रियंका केवट ने बताया कि कंजड़ मोहल्ला में रहने वाला 50 वर्षीय अरूण जाट पिता रमेशचंद जाट एक शातिर और अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है। यह 2002 से लगातार अपराधिक घटनाओं को अंजाम देता रहा है। इसके विरूद्ध बेलबाग, ओमती, माढ़ोताल, गढ़ा और गोरखपुर थाना क्षेत्र में 21 अपराध दर्ज हैं, जो हत्या, लूट, चोरी, अवैध वसूली, आबकारी एक्ट, जुआ एक्ट के हैं। उसके विरूद्ध समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जाती रही है।

खाली प्लॉट पर गाय का गोबर डालने पर गाय जप्त कर गौशाला भिजवाई, गाय मालिक पर लगाया जुर्माना

ग्वालियर। अपर आयुक्त श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर ने आज बुधवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान जहां भी लापरवाही भी तत्काल संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की। वार्ड 22 में एक खाली प्लॉट पर गाय का गोबर डालने वाले के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की तथा गाय को जप्त कर गौशाला भिजवाया गया।

निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 22 में एक खाली प्लॉट में बडी मात्रा में गाय का गोबर डाला गया था। जिसको लेकर प्लाट से गोबर को साफ कराया गया। इस दौरान जब गाय मालिक को गोबर नही डालने की हिदायत दी तो गाय मालिक ने एडिशनल कमिश्नर से विरोध करने लगा। जिसके बाद संबंधित गाय मालिक की गाय को जप्त कर गौ शाला भिजवाया गया।

नगर निगम के अपर आयुक्त श्री अतेंद्र गुर्जर ने कहा है कि प्लाट पर गोबर डालने पर प्लॉट के स्वामी के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वहीं निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 27 बारादरी चौराहा, आर्यसमाज मंदिर पर गंदगी करने वाले ठेलों और गन्ने की रस की दुकान संचालक पर अपर आयुक्त श्री गुर्जर ने निरीक्षण के दौरान जुर्माना किया। वहीं वार्ड क्रमांक 26 में सफाई कार्य मे लापरवाही बरतने वाले कचरा संग्रहण गाड़ी के ड्राइवर प्रताप सिंह को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अन्य कई स्थानों पर भ्रमण कर साफ सफाई व्यवस्था को देखा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर कार्रवाई कराई। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी कार्यशाला श्री शैलेन्द्र सक्सैना, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएम हैल्पलाइन के प्रति उदासीनता पड़ी भारी

कलेक्टर श्री सिंह ने दिए 57 अधिकारियों को नोटिस

ग्वालियर। सीएम हैल्पलाइन-181 पोर्टल पर गत मार्च माह के दौरान प्राप्त हुई शिकायतों का संतुष्टिपरक निराकरण न करना और शिकायतों को अटेण्ड न करने की प्रवृत्ति विभिन्न विभागों के जिले के 57 अधिकारियों को भारी प?ने जा रही है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इन सभी अधिकारियों को अलग-अलग कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही स्पष्ट किया है कि जवाब संतुष्टिकारक न होने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। साथ ही गोपनीय चरित्रावली में भी विपरीत टिप्पणी अंकित की जायेगी। एडीएम श्री इच्छित ग?पाले ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा, उपायुक्त नगर निगम डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, सहायक यंत्री श्री हिमांशु शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीडीए श्री के के सिंह गौर, पुलिस निरीक्षक श्री पंकज त्यागी, सहायक सम्पत्तिकर नगर निगम श्री अजय जैन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम श्री अजय ठाकुर, उपायुक्त नगर निगम श्री अमरसत्य गुप्ता, सहायक यंत्री नगर निगम श्री अनिल चौहान, एएचओ नगर निगम श्री जगदीश चित्तौरिया, सहायक यंत्री ऊर्जा विभाग श्री राकेश कुमार सिंह, भवन अधिकारी नगर निगम श्री वीरेन्द्र शाक्य, भवन अधिकारी नगर निगम श्री यशवंत मेकले, अनुविभागीय अधिकारी लश्कर श्री अनिल बनवारिया, जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री ओ पी पाण्डेय, निरीक्षक पिछोर श्री कृष्णदेव सिंह कुशवाहा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहकारिता श्री जी एल शर्मा, क्षेत्रीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें डॉ. आर पी सरल, बीएमओ डॉ. अशोक रा?दान, सिविल सर्जन जिला अस्पताल डॉ. आर के शर्मा, अधिष्ठाता कृषि विश्वविद्यालय डॉ. एम पी जैन, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. राजसिंह कुशवाह, प्रभारी अधिकारी मुख्यमंत्री युवा स्वाभिमान योजना डॉ. अतिबल सिंह यादव एवं उपनिरीक्षक पुलिस श्री दिलीप समाधिया को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। इसी प्रकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद मुरार पं. राजीव मिश्र, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुश्री पूजा तोमर, कार्यवाहक उपनिरीक्षक श्री प्रमोद शर्मा, निरीक्षक मोहना श्री प्रशांत शर्मा, सहायक यंत्री श्री महेश कोली, नायब तहसीलदार पुरानी छावनी श्री विजय त्यागी, प्राचार्य पोलीटेक्निक ग्वालियर श्री शशि विकसित, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम श्री अशोक खरे, सहायक यंत्री ऊर्जा विभाग श्री पियूष दिलोदरे, संयुक्त संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री अरविंद सिंह, संयुक्त संचालक नगरीय निकाय श्री आर के श्रीवास्तव, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्री ए के बोहरे, सहायक यत्री नगर निगम श्री ए पी एस जादौन, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री एच बी शर्मा, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण मंडल श्री एन पी सिंह, उपायुक्त गृह निर्माण मंडल श्री एस के सुमन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी घाटीगांव श्री एस एस कुशवाह, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम श्री किशोर चौहान, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिटी श्री प्रदीप तोमर, परियोजना यंत्री श्री मनीष प्रभाकर क्षीरसागर, सहायक संपत्ति अधिकारी नगर निगम श्री महेश पाराशर, एपीटीओ नगर निगम श्री रघुवीर भदौरिया, जोनल ऑफीसर नगर निगम श्री रवि गोदिया, उप वन मंडल अधिकारी श्री राजीव कौशल, नोडल अधिकारी सीवर सेल नगर निगम श्री राजेन्द्र भदौरिया, स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम श्री वैभव श्रीवास्तव, सहायक आबकारी आयुक्त श्री संदीप शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी झांसी रो? श्री सी बी प्रसाद, सहायक यंत्री ऊर्जा विभाग श्री सोमदत्त मिश्रा, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री संदीप पाण्डे, निरीक्षक पुलिस श्री संतोष मिश्रा एवं कनिष्ठ यंत्री ऊर्जा विभाग श्री सुमित झा को भी कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

संक्षिप्त समाचार

दुनिया के पहले पत्रकार देवर्षि नारद की जयंती पर मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास द्वारा पत्रकार सम्मान व विमर्श का आयोजन 15 मई को

ग्वालियर। तीनों लोक में भ्रमण कर जन कल्याणकारी समाचारों का संचार करने वाले आदि पत्रकार देवर्षि नारद की जयंती पर मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास ग्वालियर द्वारा पत्रकार सम्मान व विमर्श का आयोजन 15 मई को किया जाएगा। देवर्षि नारद जयंती पर पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रति वर्ष आयोजित किया जाने वाला यह प्रतिष्ठित व गरिमामय आयोजन इस वर्ष भी भव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रविवार 15 मई को दोपहर 2 बजे से जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम में वर्तमान वैचारिक षड्यंत्र और चुनौतियों में पत्रकारिता की भूमिका विषय पर विद्वान वक्ता श्री लाजपत आहूजा वरिष्ठ लेखक चिंतक व सेवानिवृत्त संचालक जनसंपर्क मध्यप्रदेश शासन का सम्बोधन होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सुशील मडेरिया कुलसचिव जीवाजी विश्वविद्यालय उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता श्री दीपक सचेती अध्यक्ष मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में पत्रकारिता के विविध आयामो पर आधारित सात श्रेणियों में उत्कृष्ट व लोक कल्याणकारी पत्रकारिता में विशिष्ट स्थान रखने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। जिन सात श्रेणियों से पत्रकारों को सम्मानित किया जा रहा है उनमें प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया डिजिटल न्यूज पोर्टल,छायाकार,वीडियो ग्राफर,नागरिक पत्रकार,महिला पत्रकार तथा विशेष श्रेणी में समाजसेवा को शामिल किया गया है। समानित किए जाने वाले पत्रकारों के चयन हेतु वरिष्ठ पत्रकारों की चयन समिति का गठन किया गया है जिसके द्वारा तय मापदंडों के आधार पर सम्मानित किए जाने वाले पत्रकारों की चयन प्रक्रिया का कार्य किया जा रहा है। मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास ने विविध विधाओं से जुड़े पत्रकारों, लेखकों आदि से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह जिया है।

सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी होगें प्रभारी निगमायुक्त

ग्वालियर। यूरोपियन यूनियन द्वारा प्रायोजित इंटरनेशनल अर्बन एंण्ड रीजनल कोआपरेशन द्वारा वर्ष 2022 में प्लान की गई गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर अध्ययन हेतु नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल को 14 मई 2022 से दिनांक 19 मई 2022 तक शासकीय कार्य से विदेश भ्रमण एवं 23 मई तक अवकाश पर रहने के दौरान नगर निगम आयुक्त ग्वालियर का प्रभार सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी पर रहेगा। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सैना द्वारा जारी आदेशानुसार यूरोपियन यूनियन द्वारा प्रायोजित इंटरनेशनल अर्बन एंण्ड रीजनल कोआपरेशन द्वारा वर्ष 2022 में प्लान की गई गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर अध्ययन हेतु नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल को 14 मई 2022 से दिनांक 19 मई 2022 तक शासकीय कार्य से विदेश भ्रमण पर रहना है। इसके पश्चात दिनांक 20 मई 2022 से दिनांक 23 मई 2022 तक का अर्जित अवकाश सामान्य प्रशासन विभाग मप्र शासन द्वारा स्वीकृत किया गया है। निगमायुक्त श्री कन्याल की दिनांक 24 मई 2022 को मुख्यालय में वापिसी होगी। अतः उपरोक्त अवधि के लिए आयुक्त नगर निगम ग्वालियर का प्रभार श्री आशीष तिवारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ग्वालियर को सौंपा गया है। श्री किशोर कन्याल द्वारा अवकाश उपरांत अपना कार्यभार ग्रहण करने पर श्री आशीष मिवारी उक्त प्रभार से मुक्त होगें।

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 31 मई 2022 को, 14 मई तक कराएं पंजीयन

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत दिनांक 31 मई 2022 को सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित कराया जा रहा है। इस सम्मेलन में अपने बच्चों के विवाह कराने के लिए आप पंजीयन करा सकते हैं। इसके लिये आप 14 मई 2022 तक दस्तावेज निगम के सभी जनमित्र केन्द्रों, जनकल्याण शाखा एवं श्रम कल्याण में जमा कर पंजीयन करावें। उपायुक्त जनकल्याण डॉ अतिबल सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं भी नगर निगम से संपर्क कर गरीब कन्याओं के विवाह एवं निकाह करा सकते हैं। विवाह एवं निकाह संस्कार का पूर्ण कार्य निःशुल्क कराया जावेगा। पात्रता हेतु ल?की की उम्र 18 वर्ष व ल?के की उम्र 21 वर्ष के प्रमाण पत्र, कन्या मप्र की मूल निवासी हो।

नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के मद्देनजर शासकीय सेवकों के डाटाबेस में संशोधन करने के दिशा-निर्देश जारी

ग्वालियर। नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के प्रस्तावित आम निर्वाचन को ध्यान में रखकर जिले में चुनाव की तैयारियाँ जारी हैं। इस क?ी में जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन) द्वारा सभी विभागों के कार्यालय प्रमुखों को अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों के डाटाबेस में ईपीडीएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से संसोधन करने के दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

बेलदार का पुरा में अवैध कॉलोनी पर चला निगम का बुलडोजर

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर एवं जिला प्रशासन द्वारा शहर में विकसित की जा रहीं अवैध कॉलोनियों पर निरंतर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही संबंधित कॉलोनाइजर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया जा रहा है। कॉलोनाइजरों द्वारा बिना टीएनसीपी एवं नगर निगम की अनुमति के बिना कॉलोनियों में विकास कार्य किए जाकर नई कॉलोनी विकसित की जा रही थी। जिन पर कार्रवाई करते हुए निगम अमले ने कॉलोनी में किए जा रहे विकास कार्यों को हटवाया तथा पक्के निर्माण को तो?ा गया। इसके साथ ही कॉलोनी में बने मकानों को लेकर 80 हजार का जुर्माना लगाया गया।

भवन निरीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी श्री यशवंत मैकले ने जानकारी देते हुए बताया गया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर की अवैध कॉलोनियों पर चलाए जा रहे अभियान के तहत दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत समाधिया कॉलोनी बेलदार का पुरा क्षेत्र में कार्रवाई कर कॉलोनी की स?क, विद्युत पोल, सीवर चौंबर, बाउंड्री वॉल ,भूखंडों की नींव हटाने की कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के तहत क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 17 के अंतर्गत वार्ड 49 स्थित समाधिया कॉलोनी बेलदार का पुरा, ग्राम कोटा लश्कर क्षेत्र के सर्वे क्रमांक 1919, 1924, 1925, 1926,1927,1944,1947 / मिन-1, 1947 मिन 2 का भाग रकवा 0.455 हैक्टेयर भूमि पर श्री मानसिंह पुत्र श्री गौतम कुशवाह, श्रीमती रम्मो, हीरोबाई, भाग्गो बाई पुत्री श्री धन सिंह, नंद किशोर, लालासिंह पुत्र बालकिशन, नवीनजीत पुत्र मानसिंह, सीमा, बेबा, मानसिंह, सुनीता पुत्री मानसहि कुशवाह आदि के द्वारा अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। जिसे जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई में तोडा गया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम श्री अनिल बनवारिया, तहसीलदार श्रीमती शारदा पाठक, सहायक सिटी प्लानर श्री सुरेश अहिरवार, भवन अधिकारी श्री पवन शर्मा, मदाखलत अधिकारी श्री सतेन्द्र सिंह भदौरिया, निगम पटवारी श्री सतेन्द्र श्रीवास्तव एवं मदाखलत गैंग तथा संबंधित थाना प्रभारी एवं पुलिस बल उपस्थित रहे।

अधिकारियों को सिखाई जा रही हैं सीएम हैल्पलाइन की बारीकियाँ

कलेक्ट्रेट में विभागवार प्रशिक्षण जारी

ग्वालियर। सीएम हैल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं संतुष्टिपरक निराकरण पर जिला प्रशासन द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को सीएम हैल्पलाइन के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कड़ी में बुधवार को कलेक्ट्रेट में जल संसाधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला-बाल विकास, जनसंपर्क एवं जेल विभाग के शासकीय सेवकों को प्रशिक्षित किया गया। जिला लोक सेवा प्रबंधक श्री अमित शिरोमणि ने शासकीय सेवकों को संतुष्टिपरक निराकरण एवं सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर जानकारी फीड करने की बारीकियाँ सिखाई। साथ ही सीएम हैल्पलाइन से संबंधित विभिन्न प्रकार के पैरामीटर्स एवं ग्रेडिंग के बारे में भी बताया। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी कि कोशिश ऐसी हो कि जिस दिन शिकायत प्राप्त हो उसी दिन उसके निराकरण की जानकारी पोर्टल पर फीड हो जाए। यदि शिकायत अपने विभाग से संबंधित न हो तो उस विभाग के संबंधित एल-1 स्तर के अधिकारी को उसी दिन अंतरित कर दी जाए, जिससे सरकार की मंशा के अनुरूप जल्द से जल्द शिकायत का निराकरण हो सके।

कैंसर हॉस्पिटल परिसर में निगमायुक्त श्री कन्याल ने किया शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ

ग्वालियर। कैंसर हॉस्पिटल परिसर ग्वालियर में स्वर्गीय नाथूराम मुखिया एवं स्वर्गीय श्रीमती उमा शिवनारायण श्रीवास्तव शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा किया गया।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने इस अवसर पर कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे को शीतल जल पिलाने से बडा कोई पुण्य का कार्य नहीं हो सकता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हमेशा स्वच्छता रखकर शहर को साफ व स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर कैंसर हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉक्टर बी आर श्रीवास्तव, जॉन 12 के क्षेत्राधिकारी श्री अनिल श्रीवास्तव एवं श्री बृजेश योगी, श्री नवाज खान, श्री मोहित शर्मा, श्री बलवीर बघेल, श्री कपिल पांडे एवं कैंसर परिसर में साफ सफाई रखें और अपने आस पर हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

ऑनलाइन बिजली बिलों के भुगतान पर अब और ज्यादा छूट

ग्वालियर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के आदेशानुसार अब निम्नदाब घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली का बिल ऑनलाइन जमा करने पर पहले से और अधिक छूट का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में कंपनी ने मैदानी अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिये हैं।

कंपनी ने बताया है कि पूर्व में मार्च तक निम्नदाब घरेलू कनेक्शन के बिजली बिलों के ऑनलाइन भुगतान पर बिल राशि की 0.5 प्रतिशत छूट निर्धारित थी, जिसमें उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बिल भुगतान पर न्यूनतम 5 रूपये से अधिकतम 20 रूपये तक छूट दी जाती थी। अब अप्रैल से जारी नये निर्देशों के अनुसार कंपनी द्वारा निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं को ऑनलाइन भुगतान पर उनके कुल बकाया बिल पर अधिकतम छूट के लिए कोई सीमा बंधन नहीं है। नए निर्देशों के तहत उदाहरण स्वरूप 5 हजार के कैशलेस बिल भुगतान पर 25 रूपये, 50 हजार रूपये के भुगतान पर 250 रूपये एवं 1 लाख के एलटी बिजली बिल कैशलेस भुगतान पर 500 रूपये की छूट मिल सकेगी। कंपनी उच्चदाब उपभोक्ताओं को प्रति बिल कैशलेस भुगतान पर पहले की तरह 100 रूपये से 1000 रूपये तक की छूट दे रही है।



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478